
UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़


सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-164 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) मंगलवार 26 मई 2026 youngbharatE-

## सीएम योगी का बड़ा ऐलान : महिलाओं व बुजुर्गों के लिए खुशखबरी...



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की राजनीति में शुक्रवार का दिन कई मायनों में अहम रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए लगभग 1.06 करोड़ निराश्रित महिलाओं, वृद्धजनों और दिव्यांगजनों की पेंशन बढ़ाने का ऐलान किया। यह निर्णय सीधे तौर पर समाज के कमजोर वर्गों को राहत देने वाला है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यद्यपि बजट भाषण में इसका उल्लेख नहीं हुआ था, लेकिन सरकार ने पेंशन राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। अब पेंशन 1000 रुपये से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रतिमाह की जाएगी। यह कदम न केवल आर्थिक सहयोग प्रदान करेगा, बल्कि निराश्रित वर्गों के सम्मान और आत्मनिर्भरता को भी सुदृढ़ करेगा। दरअसल उत्तर प्रदेश की भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में भी इस प्रकार के वादे किए थे, और इस घोषणा को उसी दिशा में एक कदम माना जा रहा है। बढ़ती महंगाई और जीवनयापन की लागत को देखते हुए यह वृद्धि लाखों परिवारों के लिए राहतकारी सिद्ध हो सकती है। पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले आवास योजनाओं में सीमित सहायता दी जाती थी, जिससे लाभार्थियों को पर्याप्त सहयोग नहीं मिल पाता था। वर्तमान सरकार शहरी क्षेत्रों में 2.5 लाख रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में 1.20 लाख रुपये तक की सहायता दे रही है। इसके साथ शौचालय निर्माण और मनरेगा मजदूरी का भी प्रावधान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह भी दावा है कि समग्र योजनाओं के कारण 6 करोड़ से अधिक लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं। आने वाले बजट में सफाई कर्मियों और निर्माण श्रमिकों के लिए नई आवास योजना लाने की बात भी कही गई है।

## यूपी में ग्राम प्रधान पहली बार बनेंगे प्रशासक, पंचायत चुनाव होने तक कार्यकाल

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने दी हरी झंडी

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्राम प्रधानों की अध्यक्षता में प्रशासक समिति के गठन से संबंधित पंचायती राज्य विभाग के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है। प्रदेश में पहली बार यह व्यवस्था लागू की जाएगी।

ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता वाली प्रशासक समिति पंचायत चुनाव होने तक काम करेगी। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायतों का कार्यकाल सोमवार को ही समाप्त हो रहा है। पांच वर्ष पहले 2021 में 26 मई को पंचायतों की पहली बैठक हुई थी। उत्तर प्रदेश में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 26 मई तक ही था। उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद भी ग्राम पंचायतों में उनका ही दखल रहेगा। इससे पूर्व मध्य प्रदेश और राजस्थान में यह व्यवस्था लागू की गई थी। राज्य में अब तक पंचायतों का कार्यकाल खत्म होने पर एडीओ पंचायत प्रशासक बनाए जाते रहे हैं। उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग के ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक का कार्य देने के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुमोदित कर दिया है। सोमवार शाम तक इसका आदेश जारी हो ग। उत्तर प्रदेश में पहली बार ग्राम पंचायतों में



प्राशासक समिति का गठन होगा। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2027 के बाद ही पंचायतों का गठन होगा। इसको देखते हुए 26 मई से पहले ग्राम पंचायतों में प्रशासक बनेंगे। यूपी में पंचायत चुनाव को लेकर चल रही अटकलें खत्म हो गई हैं। अब पंचायत चुनाव 2027 विधानसभा चुनाव के बाद ही होंगे। प्रदेश की 57 हजार 695 ग्राम पंचायतों में प्रधानों का कार्यकाल 26 मई खत्म हो रहा है। इसके चलते पंचायतीराज विभाग ने प्रधानों को ही प्रशासक बनाने की योजना को मूर्त रुप दे दिया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हरी झंडी दे दी है। उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव विधानसभा इलेक्शन 2027 के बाद कराने की तैयारी है। इसी कारण ग्राम सभाओं के प्रशासकों को लेकर फैसला किया गया है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने मौजूदा ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक बनाने का फैसला किया है। सरकार ने पहली बार प्रधानों को चुनाव तक प्रशासक की जिम्मेदारी देने का फैसला किया है। उत्तर प्रदेश में अभी तक एडीओ पंचायत को प्रशासक बनाया जाता था, लेकिन इस बार राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड की तर्ज पर ग्राम प्रधानों को ही जिम्मेदारी दी जा रही है। पंचायत चुनाव तक गांवों के विकास कार्यों की जिम्मेदारी मौजूदा प्रधानों के पास ही रहेगी। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संघ ने भी सरकार से यही मांग की थी। सामान्य स्थिति में अब तक चुनाव हो जाने चाहिए थे, लेकिन हाईकोर्ट की प्रक्रिया और आयोग की रिपोर्ट के कारण चुनाव में करीब एक वर्ष की देरी होने की संभावना है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विलंब का एक कारण पंचायत मतदाता सूची का पूरी तरह से तैयार नहीं होना भी है। इसकी अंतिम मतदाता सूचनी दस जून को जारी होगी।

## प्रतीक यादव की तेरहवीं आज, अपर्णा ने सुधारी पुरानी गलती

### सैफई परंपरा को लेकर चर्चाएं तेज

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और भाजपा नेता अपर्णा यादव के पति प्रतीक यादव की आज तेरहवीं मनाई जा रही है। अपर्णा यादव ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर तेरहवीं का एक कार्ड शेयर किया है। इस कार्ड में अपर्णा यादव और उनकी दोनों बेटियों के साथ-साथ अखिलेश यादव और उनके बच्चों का भी नाम लिखा गया है। यह कार्ड अब चर्चा का विषय बन गया है। माना जा रहा है कि इसके जरिए अपर्णा यादव ने अपनी पुरानी गलती सुधारने की कोशिश की है।

तेरहवीं के कार्यक्रम के दौरान यादव परिवार के एक साथ आने की खबरों ने जोर पकड़ लिया है। तो वहीं, दूसरी ओर मुलायम सिंह यादव के सैफई गांव की तेरहवीं परंपरा भी चर्चा का विषय बन गई है। वो इसलिए क्योंकि, सैफई परंपरा के अनुसार मुलायम सिंह की तेरहवीं नहीं मनाई गई थी। 13 मई को प्रतीक यादव का 38 की उम्र में अचानक निधन हो गया। वे कई दिनों से बीमारी से जुझ रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार, दिल में खून का थक्का जमना उनकी मौत का मुख्य कारण माना जा रहा है। 14 मई को



प्रतीक यादव का अंतिम संस्कार किया गया था। अपर्णा यादव ने अंतिम संस्कार के कार्यक्रम के लिए भी सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया था। हालांकि, इस पोस्ट में अखिलेश यादव का नाम नहीं था। केवल अपर्णा यादवा और उनकी दोनों बेटियों का नाम लिखा गया था। वैसे देखा जाए तो प्रतीक यादव के मौत की खबर मिलते ही सबसे पहले अखिलेश यादव की अस्पताल पहुंचे थे। असम में होने के कारण अपर्णा यादव दोपहर के बाद ही अस्पताल पहुंच पाई थीं। सैफई परंपरा किसी व्यक्ति के निधन के बाद तेरहवीं या सतरहवीं के दिन मनाई जाती है। इस दिन ब्राह्मण भोज और रिश्तेदारों और गांव वालों को भोज कराया जाता है। इस चलन को मुलायम सिंह के पैतृक गांव के लोगों ने काफी पहले बंद कर दिया था। गांव वालों का मानना है कि इस परंपरा से केवल आर्थिक बोझ बढ़ता है। एक ओर परिवार शोक में डूबा होता है और दूसरी ओर भोज अच्छा नहीं लगता। इसलिए सैफई गांव के लोगों ने मिलकर इस परंपरा पर विराम लगा दिया था। मुलायम सिंह की मृत्यु के बाद भी इस परंपरा को निभाया गया था। मुलायम सिंह के परिवार के पास किसी भी तरह की आर्थिक समस्या नहीं थी। लेकिन सैफई गांव की परंपरा को निभाते हुए उन्होंने मुलायम सिंह की तेरहवीं नहीं की थी। इसकी जगह अखिलेश यादव ने मुलायम सिंह के निधन के 11वें दिन हवन और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया था। इस दौरान परिवार ने शुद्धि संस्कार किया था और अखिलेश समेत परिवार के सभी पुरुष सदस्यों ने अपने बाल मुंडवाए थे। अब यह सवाल उठ रहा है कि प्रतीक यादव के निधन के बाद तेरहवीं का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में यादव परिवार के पैतृक गांव की सैफई परंपरा को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है।

## गंगा के पवित्र नाम से भृष्ट अधिकारियों ने बहा दी भ्रष्टाचार की गंगा-पानी पहुंचा नहीं, किसी अधिकारी पर कार्यवाही भी नहीं

### जल जीवन मिशन के कर्ता धर्ता शासन को फर्जी प्रगति रिपोर्ट भेजकर कर रहे हैं निरंतर गुमराह

**पढ़ें यंग भारत की अंदरूनी खास रिपोर्ट**

(प्रधान सम्पादक)

( यंग भारत न्यूज )

**उरई/जालौन।** केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन एवं हर घर नल से जल योजना जनपद जालौन में गंभीर सवालों के घेरे में दिखाई दे रही है। विभागीय आंकड़ों में जहां अधिकांश कार्य पूर्ण होने का दावा किया जा रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक तस्वीर इन दावों से बिल्कुल अलग नजर आ रही है। किसान संगठनों और ग्रामीणों का आरोप है कि जल निगम के अधिकारी शासन को भ्रामक और फर्जी प्रगति रिपोर्ट भेजकर योजनाओं की वास्तविक स्थिति छिपा रहे हैं, जबकि सैकड़ों गांव आज भी पेयजल संकट और टूटी सड़कों की समस्या से जूझ रहे हैं।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार जनपद के 555 गांवों में कार्य पूर्ण हो चुका है, 284 गांवों में कार्य प्रगति पर है तथा 197 गांव ट्रायल रन की श्रेणी में दर्ज हैं। इसके अलावा 658 गांवों को ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस की श्रेणी में दर्शाया गया है। 357 पानी की टंकियों के निर्माण लक्ष्य के सापेक्ष 326 टंकियां पूर्ण होने का दावा किया गया है। लेकिन ग्रामीणों और किसान नेताओं का कहना है कि जमीनी हकीकत इन आंकड़ों से मेल नहीं खाती। डाकोर ब्लॉक की ग्राम पंचायत सौहदनगर पूर्व इसका बड़ा उदाहरण बनकर सामने आई है। यहां जल शक्ति मंत्री, नमामि गंगे विभाग के प्रमुख सचिव और उच्च अधिकारियों का दौरा भी हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद ग्रामीण एक-एक बूंद पानी के लिए परेशान हैं। किसान दिवस में जब ग्रामीणों ने यह मुद्दा उठाया तो जिला प्रशासन ने जांच टीम गठित कर मौके पर निरीक्षण कराने की बात कही। किसानों का आरोप है कि निरीक्षण के दौरान किसान यूनियन के प्रतिनिधि तो मौजूद रहे, लेकिन जल निगम का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। किसान यूनियन नेताओं का कहना है कि जिले में ऐसे अनेक गांव हैं जहां लोगों को नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं मिल रही है। कई स्थानों पर पाइप लाइनें बिछी हैं लेकिन पानी नहीं पहुंच रहा। वहीं पाइप लाइन डालने के बाद सड़कों की मरम्मत भी नहीं कराई गई, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात का मौसम शुरू होने वाला है और गांवों की टूटी एवं कीचड़युक्त सड़कें ग्रामीणों की चिंता बढ़ा रही हैं। ग्रामीणों और किसान संगठनों ने जल निगम के अधिशासी अभियंता आंचल गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि विभागीय लापरवाही और ठेकेदार कंपनियों के साथ कथित मिलीभगत के कारण करोड़ों रुपये की योजनाओं का लाभ जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है। आरोप है कि जिन कार्यों का भुगतान किया गया, उनमें से कई कार्य गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरते। सबसे गंभीर आरोप पानी की टंकियों के निर्माण को लेकर लगाए जा रहे हैं। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि कई स्थानों पर निर्धारित मानकों के विपरीत रेडीमेड टंकियां स्थापित की गईं। इन टंकियों में पानी रिसने की शिकायतें सामने आई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि इन टंकियों को उनकी पूर्ण क्षमता तक भरा जाए तो सुरक्षा को लेकर खतरा उत्पन्न हो सकता है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्षों में जिले में कुछ टंकियों के गिरने और टेढ़ी होने की घटनाएं भी चर्चा में रही हैं, जिसके बाद निर्माण गुणवत्ता पर सवाल और गहरे हो गए हैं। मेसर्स ब्रजगोपाल कंस्ट्रक्शन कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को जालौन, कुठौंद, कदौरा, माधौगढ़, महेवा, नदिगांव और रामपुरा क्षेत्रों में कार्य आवंटित किया गया था। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कंपनी निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं कर सकी और गुणवत्ता संबंधी शिकायतें भी लगातार सामने आती रहीं। सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि जब निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं हो सका तो दस वर्षों के रखरखाव संबंधी दायित्वों का निर्वहन कैसे होगा। इसी प्रकार जीवीपीआर कंपनी के कार्यों पर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि सला घाट से पेयजल आपूर्ति परियोजना में कंपनी को तीन से चार बार

### फर्जी आंकड़ों की बाजीगरी से जल जीवन मिशन पर भारी भ्र्ष्टाचार के आरोप, जालौन के सैकड़ों गांवों में नहीं पहुंचा नल से जल

समयवृद्धि दिए जाने के बावजूद कार्य पूर्ण नहीं हो सका। किसान नेताओं का दावा है कि बीते लगभग एक वर्ष से कई स्थानों पर कार्य लगभग बंद पड़ा है। जिन गांवों में जलापूर्ति शुरू हुई भी है, वहां भी सभी घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा। कई गांवों में केवल सीमित संख्या में घरों को ही जलापूर्ति मिल रही है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत बोरवेल, पंप हाउस, स्टाफ क्वार्टर, बाउंड्रीवाल, आरओ प्लांट, क्लोरीनेशन यूनिट, पानी की टंकी, पाइप लाइन और घर-घर कनेक्शन जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाने थे। आरोप है कि छह वर्षों के लंबे समय के बाद भी अधिकांश परियोजनाएं अधूरी हैं। कई स्थानों पर केवल बोरिंग और आंशिक पाइप लाइन का कार्य हुआ है, जबकि अन्य संरचनाएं अधूरी पड़ी हैं। बोरिंग कार्यों में भी अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि भुगतान अभिलेखों में बोरिंग की गहराई 100 मीटर दर्शाई गई, जबकि वास्तविक गहराई कई स्थानों पर इससे कम पाई गई। इसके अलावा स्टाफ क्वार्टरों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव, अधूरे निर्माण और तकनीकी मानकों की अनदेखी के आरोप भी लगाए गए हैं। किसान संगठनों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि कार्यों की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए तो करोड़ों रुपये के खर्च और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर सामने आ सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि कागजों में योजनाएं सफल दिखाई जा रही हैं, जबकि वास्तविक लाभार्थी आज भी पानी और बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि शासन और प्रशासन इन गंभीर शिकायतों को कितनी गंभीरता से लेते हैं और क्या जल जीवन मिशन की जमीनी सच्चाई सामने लाने के लिए निष्पक्ष जांच कराई जाती है या फिर फाइलों में दर्ज प्रगति रिपोर्ट ही विकास का पैमाना बनी रहेगी।

- **जालौन जनपद में केंद्र सरकार की बहू आयामी योजना नामामि गंगे की गबनकर्ता अधिकारियों ने करदी चरम दुर्गति**
- **लगातार लग रहा है भाजपा के साख पर बट्टा**
- **किसानों का आरोप: अधूरे कार्यों को पूर्ण दिखाकर शासन को भेजी जा रही भ्रामक रिपोर्ट, टूटी सड़कें और सूखी टोटियां है हकीकत**
- **सैकड़ो करोड़ की योजनाओं पर सवाल: रेडीमेड टंकियां, घटिया निर्माण और समयवृद्धि के बावजूद अधूरे पड़े प्रोजेक्ट**

# सत्ता के मद में चूर भाजपा की जिला उपाध्यक्ष रेखा वर्मा पर उनकी देवरानी ने लगाया गैरिज पर जबरन कब्जा करने का आरोप

## डीएम के समक्ष पुत्र के साथ पेश होकर देवरानी ने खोला पूरा घटनाक्रम

- विधवा देवरानी लगा रही है रेखा वर्मा पर बड़े बड़े आरोप
- मैं पार्टी की जिला उपाध्यक्ष हूँ मेरा कोई कुछ नही बिगाड़ सकता, यह धमकी देकर पीड़िता को डरवा रहीं हैं रेखा वर्मा



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद मुख्यालय के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांधी नगर इलाके से सत्ताधारी दल की एक वरिष्ठ महिला पदाधिकारी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जिला उपाध्यक्ष रेखा वर्मा पर एक बेबस विधवा महिला ने जबरन गैरेज कब्जाने और विरोध करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। पीड़िता ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक (एसपी) को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है।

?एसपी को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता ने बताया कि कुछ समय पहले भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने अपना कुछ सामान रखने के लिए कुछ दिनों की मोहलत मांगते हुए उनका गैरेज किराए/इस्तेमाल पर लिया था। आरोप है कि मोहलत की अवधि समाप्त होने के बाद जब पीड़िता ने अपना गैरेज खाली करने के लिए कहा, तो भाजपा नेत्री ने सत्ता की हनक दिखाना शुरू कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि रेखा वर्मा अब गैरेज खाली करने से साफ इनकार कर रही हैं और अपनी राजनैतिक साख व रसूख का डर दिखाकर उसे व उसके परिवार को धमका रही हैं। थक-हारकर पीड़िता ने उरई कोतवाली के बजाय सीधे पुलिस अधीक्षक की चौखट पर दस्तक दी। इस हाई-प्रोफाइल मामले के सामने आने के बाद शहर के राजनैतिक गलियारों में चर्चाओं का बाज़ार गर्म है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन सत्ताधारी दल के पदाधिकारी के खिलाफ क्या रुख अख्तियार करता है।

# जन संस्कृति के रूप में मनाया गया इप्टा का स्थापना दिवस

## जनचेतना की मिसाल है इप्टा-अनिल वैद

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा इकाई कोंच का स्थापना दिवस रविवार को जन संस्कृति दिवस के रूप में उत्साह के साथ मनाया गया। तहसील परिसर स्थित अग्रसेन विवाह घर में आयोजित कार्यक्रम में साहित्य, रंगमंच, संगीत और सामाजिक सरोकारों पर केंद्रित विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में इप्टा की गौरवशाली परंपरा और समाज में सांस्कृतिक चेतना जगाने में उसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा हुई ।कार्यक्रम का शुभारंभ इप्टा गीत 'बजा नगाड़ा शांति का' के साथ हुआ, जिसने उपस्थित लोगों में सांस्कृतिक ऊर्जा का संचार कर दिया। इप्टा कोंच के अध्यक्ष अनिल वैद एडवोकेट ने कहा कि इप्टा केवल एक सांस्कृतिक संस्था नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता, संवेदनशीलता और परिवर्तन की मशाल है। उन्होंने कहा कि कला और रंगमंच समाज को सही दिशा देने का सशक्त माध्यम हैं ।उन्होने कहा कि इप्टा ने हमेशा आमजन की पीड़ा, संघर्ष और सामाजिक मुद्दों को मंच के माध्यम से आवाज देने का कार्य किया है। वहीं इप्टा सचिव पारसमणि अग्रवाल ने कहा कि आज के समय में जब समाज में संवेदनाएं कमजोर होती जा रही हैं, तब साहित्य, संगीत और रंगमंच लोगों को जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन सकते हैं। उन्होंने युवाओं से सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़ने की अपील की ।इप्टा महासचिव साहना खान ने कहा कि कोंच इकाई लगातार क्षेत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ा रही है। नुक्कड़ नाटक, बाल नाट्य कार्यशालाएं, कवि गोष्ठियां और सामाजिक विषयों पर मंचन के जरिए संस्था ने क्षेत्र में अलग पहचान बनाई है। आने वाले समय में बच्चों और युवाओं के लिए नई सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी ।रंगकर्मी दानिश ने इप्टा के इतिहास को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के समय से ही संस्था जनजागरण का कार्य करती आ रही है। कार्यक्रम में नरेंद्र कश्यप, अंजली, निशि अग्रवाल, मानसी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार कार ने बाईक को ठोंका चालक की मौत, दो घायल

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** औरैया मार्ग पर चुंगी नंबर चार के आगे एक रेस्टोरेंट के पास औरैया की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने ने बाइक के पास खड़े चार लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक के चाचा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

सिरसाकलार थाना क्षेत्र के ग्राम रिनियां निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि बीती 11 मई को उनके भाई राकेश को दिल्ली जाना था। शाम को वह उन्हें दिल्ली की बस में बैठाने के लिए बाइक से हाइवे पर आए। जहां पता चला कि बस वहां नहीं रूकती है बस में बैठने के लिए जालौन जाना होगा। जिसके बाद वह उन्हें जालौन छोड़ने के लिए आने लगे। जब वह औरैया मार्ग पर जन्नत रेस्टोरेंट के पास पहुंचे तभी वहां उनका भतीजा अर्पित व उसका मित्र आयुष गांव जाने के लिए सड़क किनारे खड़े नजर आए। भतीजे व उसके दोस्त को देखकर उन्होंने सड़क किनारे बाइक रोक ली और उन्हें बताने लगे कि वह अपने भाई को जालौन छोड़कर वापस आ रहे हैं। इसके बाद वह उन दोनों को बाइक से गांव ले चलेंगे। इसी दौरान औरैया की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार के चालक ने बेकाबू होकर पीछे से उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह तो गिरकर बाल-बाल गए। लेकिन उनके भाई राकेश, भतीजा अर्पित और उसका दोस्त आयुष गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को सीएचसी पहुंचाया। जहां से पहले उरई फिर कानपुर रेफर किया गया। कानपुर में इलाज के दौरान 12 मई को भतीजे अर्पित की मृत्यु हो गई। जबकि भाई राकेश व भतीजे के दोस्त आयुष की हालत गंभीर बनी हुई है। चाचा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# प्रथम महिला शासिका ताईबाई के नाम पर तैयार

## -भव्य प्रवेश द्वार के लोकार्पण का लोगों को बेसब्री से है इंतजार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नगर की प्रथम महिला शासिका ताईबाई के नाम पर उरई-जालौन फोरलेन पर भिटारा के पास बनाए गए भव्य प्रवेश द्वार के लोकार्पण का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। लगभग 78 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह प्रवेश द्वार अब लगभग पूरी तरह तैयार हो चुका है, लेकिन पिछले एक माह से अधिक समय से उद्घाटन न होने के कारण नगरवासियों में उत्सुकता बनी हुई है।

नगर के लोग लंबे समय से प्रथम महिला शासिका ताईबाई की स्मृति को सहेजने की मांग करते रहे हैं। लोगों का कहना है कि नगर की नई पीढ़ी को ताईबाई के शौर्य, नेतृत्व और इतिहास से परिचित कराने के लिए उनकी प्रतिमा स्थापित की जानी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके योगदान को याद रख सकें। हालांकि यह मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है, लेकिन उनके नाम पर प्रवेश द्वार का निर्माण नगरवासियों के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा की पहल पर विधायक निधि से लगभग 78.2 लाख रुपये की



लागत से इस प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य पिछले वर्ष मई माह में शुरू कराया गया था। शुरुआती दौर में निर्माण कार्य तेजी से चला, लेकिन जुलाई में बरसात शुरू होने के कारण काम कुछ समय के लिए रुक गया था। बारिश समाप्त होने के बाद दोबारा निर्माण शुरू हुआ और अब प्रवेश द्वार लगभग बनकर तैयार हो चुका है। लोगों को उम्मीद है कि इसका लोकार्पण होने के बाद यह प्रवेश द्वार नगर को ऐतिहासिक पहचान देगा। इस बाबत सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने बताया कि प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। उद्घाटन से संबंधित पत्थर तैयार कराए जा रहे हैं और शीघ्र ही इसका लोकार्पण कराया जाएगा।

# 33 वर्षीय विवाहिता घर मे लटकी मिली फंदे पर, हो रहीं तरह तरह की चर्चाएं

## -मायके पक्ष ने लगाया ससुरालियों पर हत्या करके लटका देने का आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद के उरई शहर कोतवाली क्षेत्र के नया पटेल नगर में सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब एक विवाहिता का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार नया पटेल नगर निवासी 33 वर्षीय आरती पाल पत्नी सतेंद्र पाल संदिग्ध परिस्थितियों में मृत अवस्था में मिलीं। बताया जा रहा है कि दोपहर के समय घर के कमरे में उनका शव फंदे से लटका देखा गया। घटना की सूचना मिलने पर पति सतेंद्र पाल मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल करते हुए आवश्यक कार्रवाई की। वहीं घटना की खबर मिलते ही मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने आरती



की हत्या किए जाने का गंभीर आरोप लगाया। मृतका के भाई रवि पाल का कहना है कि परिवार में संपत्ति के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके चलते आरती को प्रताड़ित किया जाता था। मायके पक्ष का आरोप है कि इसी रंजिश के चलते आरती की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया। हालांकि पुलिस ने अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतका अपने पीछे दो पुत्रों को छोड़ गई हैं, जिनमें एक 14 वर्ष और दूसरा 11 वर्ष का बताया जा रहा है। मां की मौत के बाद दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# लापरवाही से वाहन चला रहे युवक पर पुलिस ने की कार्यवाही

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** सड़क पर लापरवाही से वाहन चलाते हुए और पुलिस के रोकने पर भागने का प्रयास करते हुए एक युवक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। चुर्खी थाना क्षेत्र के ग्राम तड़वा निवासी राजेन्द्र सिंह सोमवार की सुबह सड़क पर तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाते हुए निकल रहा था। जब पुलिस ने युवक को रोका तो वह भागने का प्रयास करने लगा। जिसके बाद पुलिस ने युवक को पकड़कर उसके खिलाफ कार्रवाई की है।

# विषाक्त खाकर रिक्शा चालक की मौत, परिवार पर टूटा मुसीबतों का कहर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जिले के उरई कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां जहरीला पदार्थ खाने से एक रिक्शा चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 60 वर्षीय रामबाबू निवासी पुराना रामनगर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बताया गया कि रामबाबू रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार वह लंबे समय से शराब पीने के आदी थे, जिस कारण घर में अक्सर विवाद होता रहता था। रविवार सुबह भी शराब को लेकर पत्नी जानकी से कहासुनी हो गई थी। विवाद के बाद वह घर से बाहर चले गए। आरोप है कि बाहर जाकर उन्होंने शराब पी और इसी दौरान किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद जब वह घर लौटे तो उनकी हालत बिगड़ने लगी। पूछताछ में उन्होंने परिजनों को बताया कि उन्होंने चूहे मारने वाली दवा खा ली है। यह सुनते ही परिवार में हड़कंप मच गया। परिजन आनन-फानन में उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान रामबाबू ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही उरई कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# माधोगढ़ में हाईटेंशन लाइन से टकराया डंपर, लग गई भीषण आग

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जिले के माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मौरंग खाली कर रहा एक डंपर हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आ गया। लाइन से टकराते ही डंपर के पिछले हिस्से में तेज चिंगारी उठी और देखते ही देखते भीषण आग लग गई। आग की लपटें और काला धुआं दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।

बताया जा रहा है कि घटना भैरव बाबा मंदिर के पास की है। डंपर चालक मौरंग खाली कर रहा था, तभी उसने डंपर का पिछला हिस्सा ऊपर उठाया और वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से छू गया। संपर्क होते ही डंपर के पिछले हिस्से ने आग पकड़ ली और कुछ ही सेकंड में आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन डंपर का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दबंग कोटेदार ने बेटे व चार पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर दो महिलाओं समेत बेटियों को लाठी डंडों से बेरहमी से पीटा

## एफआईआर दर्ज

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नाला निर्माण के दौरान कोटेदार ने बेटे व चार पांच अन्य साथियों के साथ मिलकर दो महिलाओं समेत बेटियों को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद व चार अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी अन्नपूर्णा देवी पत्नी मुहर सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके घर के सामने नाला



का निर्माण चल रहा हैं। रविवार को उनके दरवाजे के सामने काम चल रहा था। वह नाला निर्माण करा रही थी तभी शाम करीब सात बजे पड़ोस में रहने वाले कोटेदार अविनाश कुमार, उनका बेटा रोहित अपने साथी अखिल व तीन चार अज्ञात लोगों के साथ उसके दरवाजे पर लाठी डंडे लेकर आ गए और गाली गलौज करने लगे। जब उसने बाहर आकर गाली देने से मना किया तो सभी लोगों ने लाठी, डंडों से पिटाई शुरू कर दी। बचाने आई जेठानी रेखा देवी और बेटियों की भी पिटाई की। जिसमें सभी को चोटें आई हैं। आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उसकी मर्यादा भी भंग हुई है। शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोगों के आने पर वह जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने चिकित्सकीय जांच कराकर तीन नामजद व चार अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी

# खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन किसानों के लिए है जानलेवा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** खजुरी के पास खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन किसानों के लिए खतरा बनती जा रही है। तार नीचे झूल जाने से किसानों को खेती-किसानी के कार्य करने में परेशानी उठानी पड़ रही है। यहां से खेतों में ट्रैक्टर या अन्य कृषि यंत्र ले जाना भी जोखिम भरा हो गया है। प्रधान समेत किसानों ने बिजली निगम को शिकायती पत्र भेजकर तार ऊंचे कराने की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत खजुरी के प्रधान कमलेश कुमार समेत किसान लालाराम, लाखन सिंह, शहीद खान, कुक्कू राजा आदि ने बिजली निगम को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि खजुरी के पास से खेतों से होकर बिजली की हाईटेंशन लाइन वीरपुरा की ओर गई है। खेतों के ऊपर से निकली इस हाईटेंशन लाइन के तार ढीले होकर काफी नीचे आ गए हैं। कई जगह तार लगभग पांच से छह फीट की ऊंचाई तक झूल रहे हैं, जिससे खेतों में काम करते समय हादसे का डर बना रहता है। तार नीचे होने के कारण खेतों में कृषि यंत्रों को ले जाना भी जोखिम भरा हो गया है। जिसमें ट्रैक्टर आदि को तारों से छू जाने का भय बना रहता है। कुछ समय बाद बारिश भी शुरू हो सकती है। ऐसे में बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक खतरनाक हो सकती है, क्योंकि हल्की सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। किसानों ने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। यदि समय रहते तार ऊंचे नहीं कराए गए तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। किसानों ने बिजली निगम से मांग की है कि जल्द से जल्द मौके पर टीम भेजकर हाईटेंशन लाइन के तारों को ऊंचा कराया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।

# व्यापारियों-उद्यमियों की समस्याओं पर समयबद्ध समाधान और बेहतर सुविधाएं हों प्राथमिकता - जिलाधिकारी

## यूपी सीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक की लगातार अनुपस्थिति पर डीएम ने शासन को कार्रवाई हेतु पत्र भेजने के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला उद्योग बंधु एवं जिला व्यापार बंधु की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें औद्योगिक विकास, निवेश प्रोत्साहन, स्वरोजगार योजनाओं, व्यापारिक गतिविधियों तथा व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं की विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में उद्योग एवं व्यापार दोनों ही आर्थिक विकास की मजबूत धुरी हैं। निवेश बढ़ाने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने तथा व्यापारियों को बेहतर वातावरण देने के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें और लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद को 1600 आवेदन का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष अब तक 917 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 783 आवेदन बैंक को भेजे गए, 123 आवेदन स्वीकृत हुए तथा 75 आवेदनों का वितरण किया जा चुका है। जिलाधिकारी



ने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की समीक्षा में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तेजी लाने तथा पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। औद्योगिक क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं की समीक्षा करते हुए कालपी रोड औद्योगिक क्षेत्र में सड़क निर्माण, नाली व्यवस्था एवं अतिक्रमण से संबंधित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में विद्युत, जलनिकासी एवं आवागमन की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने यूपी सीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप कुमार के लगातार अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। क्षेत्रीय प्रबंधक की अनुपस्थिति के कारण व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याओं का समय से निराकरण नहीं हो पा रहा है, जो गंभीर लापरवाही है। इस पर जिलाधिकारी ने यूपी सीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने हेतु शासन को पत्र भेजने के निर्देश दिए।जिला व्यापार बंधु बैठक में व्यापारियों द्वारा सब्जी मंडी क्षेत्र में ट्रॉली खड़े होने से उत्पन्न अव्यवस्था, कालपी बाजार में अतिक्रमण, सड़क चौड़ीकरण, टाइल्स मरम्मत, जलभराव, पेयजल एवं सुलभ शौचालय जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यापारियों एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाए। जिलाधिकारी ने नगर निकायों को शहर में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल, जीबीसी, औद्योगिक निवेश एवं रोजगार सृजन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं के माध्यम से जनपद में बड़े स्तर पर निवेश एवं रोजगार सृजन की संभावनाएं विकसित हो रही हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि उद्योग एवं व्यापार से जुड़े सभी मामलों का निस्तारण पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए तथा किसी भी व्यापारी या उद्यमी को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनपद में बेहतर औद्योगिक एवं व्यापारिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी वीरेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी, व्यापार मंडल एवं उद्योग बंधु के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बालू गिट्टी पेड़ों की कटान करने वाले जन प्रतिनिधियों से मुक्ति तभी मिलेगी जब बुंदेलखंड राज्य बनेगा... कुश बादशाह सिंह

( यंग भारत न्यूज )

**उरई !** पिछले दिनों सकरी राजनीति से सन्यास ले चुके पूर्व मंत्री तथा इंसाफ सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर बादशाह सिंह ने कहा कि बुंदेलखंड वासियों को अब ऐसे जनप्रतिनिधियों की जरूरत नहीं है जो बालू माफिया है पहाड़ों की खुदाई करके जो गिट्टी माफिया है तथा जंगलों की कटान करके जो बन माफिया है की जरूरत नहीं है जो बालू माफिया है वन माफिया हैं इनके कारण ही बुंदेलखंड और बुंदेलखंड



वासी तवाह हो रहे हैं उन्होंने कहा इसका एक ही निदान है बुंदेलखंड वासियों को उनका पृथक बुंदेलखंड राज्य मिले अब वह बाकी जीवन बुंदेलखंड राज्य को बनाने मैं ही लगाएंगे श्री सिंह कल देर शाम इंसाफ सेना के जिला अध्यक्ष अखिलेश शर्मा के आवास पर वार्ता कर रहे थे एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बांदा जिला पूरी दुनिया में सबसे गर्म सबसे गर्म जिला तापमान के मामले में रहा है यह क्यों हुआ इसका मुख्य कारण नदियों का अंधाधुंध खनन पहाड़ों को खोद डाला गया वनों को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया जिसके कारण मैं महीने में कई दिनों तक तमाम जिले जहां बुंदेलखंड के तमाम जिले 46 से लेकर 47 डिग्री तपते रहे वही बांदा जिला पूरी दुनिया में लगातार कई दिनों 48 डिग्री से भी ज्यादा तापमान में रहकर विश्व में सबसे ज्यादा गर्म जिला बन गया उन्होंने कहा बुंदेलखंड के सभी जिलों की बांदा जैसी स्थिति होगी इसलिए बुंदेलखंड वासियों को बचाने के लिए कमर कस लेनी चाहिए और बुंदेलखंड पृथक राज बनाने के लिए लाम बंद हो जाना चाहिए उन्होंने कहा कि वह अपने विधायक की कार्यकाल में कभी भी विधायक निधि का एक पैसे का कमीशन नहीं दिया उन्होंने कहा पहले नेता समाज सेवा के लिए राजनीति में आते थे अधिकांश नेता सिर्फ पैसा कमाने के लिए राजनीति में आते हैं कि वह जब 10 करोड रुपए लगाकर चुनाव लड़ते हैं तो वह 100 करोड़ कमाने का मंसूबा पहले से ही बना लेते हैं उन्होंने कहा बुंदेलखंड का जो पलायन है यहां पर बेरोजगारी है इसका कारण यही है कि यहां पर अधिकांश जनप्रतिनिधि और अधिकारी भ्रष्ट हैं इसके अलावा हम जो बिजली पैदा करते हैं हमारी नदियों से जो बालू मिलती है हमारे पहाड़ों से जो गिट्टी मिलती है हमारे वनों से जो लकड़ी काटी जाती है उन सबका उपयोग बुंदेलखंड बासी नहीं करते इसका उपयोग उद्योगपति बड़े-बड़े बिल्डर और बड़े-बड़े माफिया करते हैं बुंदेलखंड वासियों को साजिश के खिलाफ खड़ा होना होगा और सबको कमर कसके यह आंदोलन चलाना होगा जब तक की हमारा पृथक बुंदेलखंड राज्य नहीं बन जाता इस अवसर पर पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक संतराम कुशवाहा इंसाफ सेना के जिला अध्यक्ष अखिलेश शर्मा, रोहित सिंह राना समाजवादी चिंतक अशोक गुप्ता महाबली, राजकुमार राठौर शिक्षकों के प्रांतीय नेता गिरेंद्र सिंह, सोनू चौहान, बृजभान आदि।

# जनसुनवाई बनी आमजन की उम्मीद, हर फरियादी की समस्या का हो रहा संवेदनशील समाधान

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ सुना तथा संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में राजस्व, आवास, पेंशन, रोजगार, विद्युत, पेयजल, सड़क, नगर निकाय एवं सामाजिक कल्याण से संबंधित विभिन्न प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

- **दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याएं सुन डीएम ने अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश**
- **उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा योजनाओं का लाभ**

जनसुनवाई के दौरान काशीराम कॉलोनी निवासी दिव्यांग युवक करन ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर स्वरोजगार हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए जाने की मांग की। युवक ने बताया कि वह रोजगार कर अपने परिवार का सहारा बनना चाहता है। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत आवेदन कराकर ऋण स्वीकृति होने तक निरंतर फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए तथा युवक को शीघ्र स्वरोजगार से जोड़ा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और किसी भी जरूरतमंद को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत एवं प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए उसका पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# ईद-उल-जुहा के मौके पर साफ-सफाई व, बिजली आदि की मांग को लेकर ईएमआई नेताओं सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिलाध्यक्ष रईस मलिक के नेतृत्व में मीडिया प्रभारी तारिक अनवर रहमानी, मु. सलीम मंसूरी विधानसभा अध्यक्ष उरई, मु. सिकंदर चिश्ती, शरीफ खान, रईस अहमद, अब्दुल कदीर खां, अंजाम खां, मु.अनीस, हाफिज ताज कादरी ने पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को भेंट करते हुए आगामी ईद-उल-जुहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने को लेकर ईएमआई के नेताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि पर्व के दौरान शहर एवं कस्बों में साफ-सफाई, पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति तथा सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किये जाएं, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। ईएमआई नेताओं ने कहा कि ईद-उल-जुहा मुस्लिम समाज का महत्वपूर्ण त्योहार है, जिस पर बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों एवं ईदगाहों में नमाज अदा करने पहुंचते हैं। ऐसे में नगर क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रहना आवश्यक है। उन्होंने मांग उठाई कि त्योहार से पूर्व नालियों की सफाई, कूड़ा उठान एवं चूना छिड़काव कराया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि भीषण गर्मी को देखते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति एवं पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात कर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। इस दौरान ईएमआई के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एडीजी यातायात के आदेशानुसार चला सघन चेकिंग अभियान

## ड्रिंक एंड ड्राइव, मोडिफाइड साइलेंसर और हूटर, साइरन पर हुई सख्त कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) यातायात, महोदय के आदेशानुसार एवं जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में आज जनपद के विभिन्न टोल प्लाजा पर यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध एक विशेष और सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और यातायात व्यवस्था को सुचारू व सुरक्षित बनाना था। चेकिंग के दौरान पुलिस और यातायात विभाग की संयुक्त टीम द्वारा टोल प्लाजा से गुजरने वाले विभिन्न वाहनों की बारीकी से जांच की गई। अभियान के मुख्य बिंदु है ड्रिंक एंड ड्राइव (शराब के नशे में गाड़ी चलाना ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों की जांच की गई। शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम (एमबी एक्ट) के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की गई और उनके वाहन सीज, चालान किए गए। मोडिफाइड साइलेंसर, अवैध हूटर



और साइरन की चेकिंग की गई, निजी और व्यावसायिक वाहनों पर अवैध रूप से लगाए गए हूटर, साइरन और वीआईपी लाइटों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया गया। नियम विरुद्ध पाए गए वाहनों से मौके पर ही मोडिफाइड साइलेंसर और हूटर/साइरन उतरवाए गए और उन पर भारी जुर्माना लगाया गया। चेकिंग के साथ-साथ वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया गया। उन्हें समझाया गया कि नशे में गाड़ी चलाना न सिर्फ कानूनन अपराध है, बल्कि उनकी और दूसरों की जान के लिए भी बेहद खतरनाक है। मोडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग करने वालों पर एमवी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की गई और उन्हें जागरूक किया गया कि इसका प्रयोग स्वयं ना करें और औरों को भी करने से रोके। टी0एस0आई0 वीर बहादुर ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ड्रिंक एंड ड्राइव और वाहनों पर मोडिफाइड साइलेंसर और अवैध हूटर/साइरन का प्रयोग करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# हर पात्र तक पहुंचे योजनाओं का लाभ, आधार सत्यापन में न हो लापरवाही

## डीएम ने आधार अनुश्रवण समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा आधार नामांकन, बायोमेट्रिक अद्यतन एवं डीबीटी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचना चाहिए।जिलाधिकारी ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि 'फैमिली आईडी-एक परिवार एक पहचान' योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों का आधार प्रमाणीकरण तेजी से पूर्ण कराया जाए तथा योजनाओं से वंचित परिवारों को चिन्हित कर उन्हें तत्काल लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि आधार सत्यापन की प्रक्रिया में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दास्त नहीं की जाएगी। बैठक में 05 से 15 वर्ष एवं 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों के बायोमेट्रिक अद्यतन (एमबीयू) की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार नामांकन में तेजी लाने तथा राज्य पोर्टल पर लंबित सत्यापनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्य हेतु विभिन्न विभागों को आवंटित किट्स की उपलब्धता एवं सक्रियता की भी समीक्षा की तथा निर्देशित किया कि सभी सक्रिय किट्स का पूर्ण उपयोग करते हुए आमजन को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आधार सेवाओं से संबंधित कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए ताकि जनसामान्य को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, डीडीओ निशान्त पांडेय, उप कृषि निदेशक एसके यत्तम, डीएसटीओ नीरज चौधरी आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# श्रीकांत वर्मा की स्मृति में विशाल भंडारा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई,जालौन ।** प्रख्यात पत्रकार कवि एवम साहित्यकार स्व. श्रीकांत वर्मा की 40 वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को मेडिकल कॉलेज के सामने स्थित काली माता मंदिर परिसर में हुआ भंडारे का आयोजन। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं, साहित्य प्रेमियों और आमजन को प्रसाद वितरण किया गया। आयोजकों ने कहा कि यह आयोजन स्व. श्रीकांत वर्मा की साहित्यिक विरासत और राष्ट्रीय चेतना को श्रद्धांजलि देने के साथ समाज सेवा की भावना को समर्पित है। भीषण गर्मी के बीच आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में शिवसेना (एनडीए) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सेवा कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# महोबा में युवती की हत्या पर कांग्रेसियों का जोशीला प्रदर्शन, राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जनपद महोबा में युवती की हत्या की घटना को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। सोमवार को कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई। कांग्रेसियों ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं और युवतियों के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, जिससे आम जनता में भय का माहौल बना हुआ है। महोबा की घटना ने कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर सजा दिलाई जाए।ज्ञापन सौंपने वालों ने कहा कि यदि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय नहीं मिला तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग भी उठाई।ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविंद सेंगर,शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार, वरिष्ठ अल्पसंख्यक नेता शबीर अंसारी, जमुना दास अहिरवार शहर उपाध्यक्ष, नागेन्द्र प्रजापति भागे पिछड़ा वर्ग प्रदेश सचिव, आशीष बुंदेला सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# अचल शर्मा की पत्नी के पिता का निधन

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** वरिष्ठ पत्रकारअचलशर्मा के ससुर समाजसेवी ग्वालियर निवासी राम बिहारी तिवारी सुबह ग्वालियर के एक अस्पताल में निधन हो गया वह 84 वर्ष के थे। वह अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र एक पुत्री दो पौत्र ,2 पौत्री, सहित भरपुर परिवार छोड़ गए हैं। जब उनके बेटे विकास तिवारी ने उनके पार्थिव शरीर को मुखागनी दी तो तमाम आंखें सजल हो गई। उनकी अंतिम यात्रा में भारी भीड़ जुटी रही।

# जनगणना राष्ट्र निर्माण की आधारशिला, हर नागरिक का सहयोग आवश्यक

## जिलाधिकारी ने वर्चुअल बैठक में प्रगणकों को दिए महत्वपूर्ण निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनगणना-2027 के अंतर्गत संचालित मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य की समीक्षा हेतु समस्त प्रगणकों के साथ वर्चुअल बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं, संसाधनों के निर्धारण एवं भविष्य की नीतियों का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए यह कार्य पूर्ण पारदर्शिता, सावधानी एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में 22 मई से 20 जून तक जनगणना कार्य संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रगणक घर-घर जाकर नागरिकों से आवश्यक जानकारियां एकत्र कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रगणक शालीन व्यवहार के साथ निर्धारित प्रारूप में सही एवं तथ्यात्मक जानकारी संकलित करें, जिससे जनगणना कार्य की गुणवत्ता बनी रहे। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना कार्य में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा सही जानकारी उपलब्ध कराकर राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ही सटीक जनगणना संभव हो सकेगी, जो आने वाले वर्षों में जनपद एवं देश के विकास की मजबूत आधारशिला बनेगी।

# कुसमिलिया में घूरे की चिंगारी ने गॉव में कर दिया आग का तांडव

**एसडीएम उरई ज्योति सिहं अपने अमले के साथ तत्काल ग्राम पहुंचीं, आग बुझवाने से लेकर पीड़ितों को व्यवस्थित कराने का काम किया और प्रधान एवं कोटेदार को पीड़ितों को आज से ही भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए**

## ■ 25 घर जले, पीड़ितों में हाहाकार की स्थिति



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन** जिले के डकोर कोतवाली क्षेत्र के कुसमिलिया गांव में सोमवार को भीषण आग लगने से करीब 25 परिवारों की गृहस्थी उजड़ गई। उप जिलाधिकारी उरई ज्योति सिंह ने बताया कि घूरे से उठी एक छोटी सी चिंगारी ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और कई कच्चे व छप्पर वाले मकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। घरों में रखा अनाज, कपड़े, फर्नीचर, भूसा और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो गया। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार किसी ने घूरे पर जलती हुई आग छोड़ दी थी। तेज हवा के कारण निकली चिंगारी आसपास के मकानों तक पहुंच गई, जिससे आग फैलती चली गई। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपने घरों से सामान बचाने के प्रयास में जुट गए। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों और ग्रामीणों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। अग्निकांड में प्रेम नारायण, महेश, किशोरी, हरनाथ, प्रमोद, बलराम प्रजापति, रामकिशोर प्रजापति, मंगल सिंह, गुड्डू, भूरे राजपूत, राजकुमार और योगेंद्र सहित कई ग्रामीणों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। उनके घरों में रखा भूसा, अनाज, ट्रॉली, सिंचाई पाइप और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना पर उप जिलाधिकारी उरई ज्योति सिंह, क्षेत्राधिकारी उरई राजीव शर्मा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व विभाग की टीम, पुलिस एवं दमकल विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। प्रशासन ने प्रभावित परिवारों के नुकसान का सर्वे शुरू कर दिया है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि शासन की ओर से पात्र पीड़ितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। आग की इस घटना से पूरे गांव में मायूसी और चिंता का माहौल बना हुआ है।

# पालिका की बैठक में सभासदों ने डाल दिया अवरोध

**-पहले पिछली बोर्ड बैठक की प्रकाशित प्रति उपलब्ध कराएं, फिर अगली बैठक हो'**

**-सभासदों ने पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन देकर उठाई मांग, मांगी पूरी जानकारी**



( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगरपालिका के सभासदों को अब तक यही नहीं मालूम कि 2 फरवरी की बोर्ड बैठक में पारित प्रस्तावों पर अब तक क्या कार्रवाई हुई क्योंकि उन्हें उक्त बोर्ड बैठक की प्रकाशित प्रति ही उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसे में सभासद यह मांग कर रहे हैं कि पहले 2 फरवरी की बोर्ड मीटिंग की कार्रवाई की प्रमाणित और प्रकाशित प्रति उन्हें उपलब्ध कराई जाए इसके बाद ही अगली बोर्ड बैठक हो। हालांकि अगली बोर्ड बैठक की तिथि अभी मुकर्रर नहीं है लेकिन समझा जा रहा है कि अगर सभासदों को 9वीं बोर्ड बैठक की प्रकाशित प्रति उपलब्ध नहीं कराई जाती है तो अगली बोर्ड बैठक में एक बार फिर हंगामा हो सकता है। इस संबंध में कतिपय सभासदों ने पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता से मुलाकात कर उन्हें पत्र भी दिया है।नगर पालिका परिषद कोंच की 7 फरवरी 2026 को नौवीं बोर्ड बैठक हुई थी जो काफी हंगामेदार रही थी, साथ ही उसमें कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा हुई एवं कई प्रस्ताव बहुमत एवं सर्वसम्मत से पारित हुए थे, लेकिन तीन महीने का लंबा समय गुजर जाने के बावजूद सभासदों को आज तक बैठक में पारित प्रस्तावों की प्रमाणित प्रति व विवरण प्राप्त नहीं हुआ है। सभासदों वेदप्र ?काश द्विवेदी विक्की और रघुवीर कुशवाहा ने पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता को पत्र लिखकर प्रकाशन की प्रति उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि आज लगभग तीन माह बीत जाने के बाद ? भी उक्त बैठक में पारित प्रस्तावों की प्रमाणित प्रति एवं विवरण अब तक उन्हें प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने पालिकाध्यक्ष से अनुरोध किया है कि उक्त बैठक के प्रकाशन की प्रति सभासदों को अति शीघ्र उपल्ब्ध कराई जाए, इसके बाद ही अगली बैठक बुलाई जाए। बताना समीचीन होगा कि नगरपालिका की 7 फरवरी को संपन्न बोर्ड बैठक काफी हंगामेदार रही थी जिसमें नगरपालिका की अधिशासी अधिकारी मोनिका उमराव के आचरण अनुकूल नहीं होने और उनके कार्य व्यवहार से नाखुश सभासदों ने लामबंद होकर उनके खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश किया था जिसे पारित करते हुए बोर्ड मीटिंग की कार्रवाई में भी शामिल कर लिया गया था। इसके साथ साथ मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत कार्य कराने के अलावा लगभग दो करोड़ के निर्माण कार्य पालिका सीमांतर्गत कराने संबंधी प्रस्ताव स्वीकृत किए गए थे। सभासदों का आरोप है कि उक्त बोर्ड बैठक की कार्रवाई के प्रकाशन की प्रति उन लोगों को अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है।

### बोले पालिकाध्यक्ष

इस संबंध में जब पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता से जानकारी हासिल की तो उनका कहना था कि सभासदों द्वारा उन्हें पत्र देकर बैठक की प्रकाशित प्रति उपलब्ध कराने को कहा गया है। इस संबंध में ईओ से बात करके सभासदों को 7 फरवरी की बोर्ड बैठक की प्रकाशित प्रति उपलब्ध कराई जाएगी।

# दो बच्चो की मां प्रेमी संग हुई फुर्र, पति ने लगाई पुलिस से बरामदगी की गुहार

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र से दो मासूम बच्चों की मां अपने कथित प्रेमी के साथ घर छोड़कर फरार हो गई। घटना के बाद से पीड़ित पति लगातार पत्नी की तलाश में भटक रहा है और पुलिस से उसे बरामद करने की गुहार लगा रहा है।बताया जा रहा है कि महिला करीब 9 दिन पहले अचानक घर से लापता हो गई। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी अपने प्रेमी के साथ चली गई है। घर में दोनों छोटे बच्चों को छोड़कर महिला के चले जाने से परिवार में तनाव और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पीड़ित पति का कहना है कि वह पिछले कई दिनों से पत्नी और उसके कथित प्रेमी की तस्वीरें लेकर कोतवाली के चक्कर काट रहा है, लेकिन अब तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उसने आरोप लगाया कि पुलिस उसकी शिकायत को गंभीरता से नहीं ले रही है, जिसके चलते वह लगातार परेशान हो रहा है।

पति ने मीडिया के सामने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि उसकी शादी करीब 7 साल पहले मध्य प्रदेश के लहार में हुई थी। शादी के बाद दोनों का परिवार सामान्य रूप से चल रहा था, लेकिन पिछले कुछ समय से पत्नी का व्यवहार बदल गया था। उसे शक था कि पत्नी किसी अन्य युवक के संपर्क में है। पीड़ित के अनुसार, घटना वाले दिन महिला बिना किसी को बताए घर से चली गई और तब से उसका कोई पता नहीं चल सका है। पति ने आशंका जताई है कि उसकी पत्नी प्रेमी के साथ कहीं बाहर चली गई है।वहीं, मामले को लेकर प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह का कहना है कि शिकायत प्राप्त हुई है और जांच की जा रही है। पुलिस टीम महिला की तलाश में जुटी हुई है तथा जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किए जाने की बात कही जा रही है।

## कोंच के होटल आशीर्वाद में कुक हत्या कांड में आरोपी की जमानत हाई कोर्ट ने की खारिज

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** ।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट से जुड़े एक अहम मामले में बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा है कि पीड़ित पक्ष को सूचना दिए बिना आरोपी को राहत देना कानून के अनिवार्य प्रावधानों का उल्लंघन है। कोर्ट ने जालौन जिले के कोंच क्षेत्र में चर्चित कुक की हत्या मामले में आरोपी हिमांशु निरंजन को दी गई जमानत रद्द कर दी है।

न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की एकलपीठ ने यह आदेश क्रिमिनल अपील संख्या 1225/2026 'नंदनी देवी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य' की सुनवाई के दौरान पारित किया। मामले में अपीलकर्ता पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गीत प्रतीक नारायण एवं अधिवक्ता वैभव शांडिल्य ने पैरवी की, जबकि विपक्ष की ओर से अधिवक्ता दीपक दुबे, विजय सिंह सेंगर तथा शासकीय अधिवक्ता उपस्थित रहे। मामला कोंच कोतवाली क्षेत्र स्थित आशीर्वाद होटल में हुई कुक की हत्या से जुड़ा है। आरोपी हिमांशु निरंजन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमन देवी निरंजन का पुत्र बताया गया है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 352, 3(5) तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के समय रिमांड आदेश में संबंधित धाराओं का उल्लेख नहीं किया गया था। बाद में क्षेत्राधिकारी कोंच द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर ट्रायल कोर्ट ने उन धाराओं में रिमांड स्वीकृत किया। इसके बाद 14 नवंबर 2025 को ट्रायल कोर्ट ने यह कहते हुए आरोपी को जमानत दे दी कि सीसीटीवी फुटेज की जांच में एससी-एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं से संबंधित ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं। हालांकि, अपीलकर्ता पक्ष ने दलील दी कि पीड़ित पक्ष को न तो नोटिस दिया गया और न ही सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया, जबकि एससी-एसटी एक्ट की धारा 15ए(3) और 15ए(5) के तहत यह अनिवार्य है। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के 'हरिराम भांभी बनाम सत्यानारायण एवं अन्य' फैसले का हवाला देते हुए कहा कि बिना नोटिस पारित किया गया आदेश विधिसम्मत नहीं माना जा सकता। अदालत ने ट्रायल कोर्ट द्वारा 14 नवंबर 2025 को पारित जमानत आदेश को निरस्त करते हुए आरोपी हिमांशु निरंजन को 10 जून 2026 तक ट्रायल कोर्ट में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। साथ ही हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया कि सभी पक्षों को सुनने के बाद मामले में नए सिरे से निर्णय लिया जाए। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि पीड़ित पक्ष स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई में उपस्थित रह सकता

# राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मोर्चा पदाधिकारियों ने आगामी जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आंकड़े दर्ज न किए जाने पर कड़ा विरोध जताया।

मोर्चा नेताओं का कहना था कि देश की बड़ी आबादी ओबीसी वर्ग से जुड़ी हुई है, लेकिन जनगणना के पहले चरण में इस वर्ग की अलग से गणना न किया जाना सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। उन्होंने मांग उठाई कि केंद्र सरकार जनगणना प्रक्रिया में ओबीसी वर्ग का पृथक आंकड़ा दर्ज कराने के निर्देश जारी करे, ताकि समाज के वास्तविक आंकड़े सामने आ सकें और योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंच सके। ज्ञापन सौंपने वालों में संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने सरकार से ओबीसी वर्ग के हितों की रक्षा करने तथा जनगणना प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने की मांग की।इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष आर. बी. कुशवाहा, रामबाबू चौधरी जिलाध्यक्ष बहुजन मुक्ति मोर्चा, एल. आर. अटल, देवेन्द्र भारती, आर. के. साहिब, सत्यनारायण, चंद्रप्रकाश सहित आदि संगठन के लोग मौजूद रहे।

# 11 वर्षीय टीकमगढ़ निवासी भटकी किशोरी को परिवार से मिलाया मिशन शक्ति टीम ने

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली कोंच की मिशन शक्ति टीम ने बहुत ही सराहनीय कार्य करते हुए अपनों से बिछड़ गई एक किशोरी को उसके परिवार से मिला दिया। अपने को सामने देखते ही किशोरी की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े।दरअसल, करीब 11 वर्षीय किशोरी अंजली पुत्री करन सिंह जो मूल रूप से मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जनपद के ग्राम रामगढ़ की रहने वाली है और फिलहाल वह अपने परिजनों के साथ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पड़री में डेरा डाले हुए है और उसके परिजन यहां उर्द की कटाई का कार्य करते हैं। भूलवश अंजली वहां से भटक गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस उसे कोतवाली ले आई। मिशन शक्ति टीम के प्रभारी वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, महिला हेल्पडेस्क में नियुक्त महिला आरक्षियों जान्हवी व नैना कुमारी द्वारा पीड़िता से वार्ता की गई तथा जानकारी करने पर बच्ची अंजली के जीजा गजराज सिंह पुत्र पप्पू निवासी ग्राम स्यावरी तहसील मऊरानीपुर जिला झांसी को थाना पर बुलाकर समझाया बुझाया गया तथा बच्ची को जीजा गजराज सिंह पुत्र पप्पू की सुपुर्दगी में दे दिया गया। मिशन शक्ति फेज-5 द्वितीय चरण का यह प्रकरण बताता है कि कैसे संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई और सरकारी योजनाओं के सही क्रियान्वयन से एक पीड़िता को सुरक्षित कर परिवार से मिलाया जा सकता है।

## बाइक स्कूटी की जोरदार भिड़ंत, युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** सोमवार दोपहर उरई रोड स्थित रॉयल गार्डन के पास स्कूटी और मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहन चालक घायल हो गए, जिनमें एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार एट निवासी गोविंद दास पुत्र धनीराम उम्र 58 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से कोंच के मार्कण्डेश्वर क्षेत्र स्थित एक दुकान पर अपने मित्र से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान कोंच की ओर से स्कूटी पर अपनी मां को देखने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रहे डुग्गु खान पुत्र शराफत निवासी लाजपत नगर कोंच की स्कूटी से उनकी बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन चालक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। उसी दौरान वहां से गुजर रहे लेखपाल चंदन शिवहरे ने मानवता दिखाते हुए तत्काल अपनी गाड़ी से दोनों घायलों को कोंच सीएचसी पहुंचाया जहां मौजूद डॉ. गौरव शर्मा ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया। जांच के दौरान डुग्गु खान को गंभीर चोटें पाए जाने पर बेहतर उपचार के लिए उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया गया, जबकि गोविंद दास का उपचार सीएचसी में किया गया।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

## महिला ने लगाया जेठ पर मारपीट व बाइक तोडने का आरोप

( यंग भारत न्यूज )



कोंच कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला जयप्रकाश नगर में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। महिला ने अपने जेठ पर शराब के नशे में घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, बच्चों के साथ अभद्रता और बाइक में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने रविवार रात पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।जयप्रकाश नगर निवासी अनीता वंशकार पत्नी भूपेंद्र वंशकार ने बताया कि वह घर पर मौजूद थीं तभी उनका जेठ सुरेश वंशकार शराब के नशे में घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। महिला का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ मारपीट की। शोर सुनकर जब उनके नाबालिग बच्चे बीच-बचाव के लिए पहुंचे तो आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट की।पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल में भी तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। घटना के बाद मुहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। महिला का कहना है कि जाते समय आरोपी ने धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार देगा।घटना के बाद पीड़ित परिवार दहशत में है। अनीता वंशकार ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।वहीं कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार ने बताया कि शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है। मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नवनियुक्त आरएलडी के बुंदेलखंड महासचिव के आवास पर हुई बैठक

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राष्ट्रीय लोकदल के नवनियुक्त बुंदेलखंड संगठन महासचिव के आबास पर रालोद के प्रकोष्ठ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ युवा महिला श्रम प्रकोष्ठ सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एवं जिले के बरिष्ठ नेताओं ने मनोज बुधोलिया संगठन महासचिव का फूल मलाओ से सुआगत किया और पुनः मनोनीत होने पर बधाई दी।

विपिन शिवहरे ध्रुप गुप्ता पूर्ब जिलाध्यक्ष विकास कुशवाहा नौसाद खान सुनील पाल उस्मान मंसूरी मज़हर खान अनीता पाण्डेय शेलंद्र सिंह सेंगर जिलाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ रंजीत नागर एससी-एसटी जिलाध्यक्ष अनोज पाल जिलाध्यक्ष युवा आदि आदि ने स्वागत किया इस दौरान निर्णय लिया गया की 29 तारीख को चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि जनपद जालौन में मनाई जाएगी।

# बीवी को गर्लफ्रेंड के घर में ले जाकर मार डाला

## फिर बाथरूम में लाश रख भागा पति, फोन पर ससुर से कही थी ये बात..?

**( यंग भारत न्यूज )**

हरियाणा के गुरुग्राम के मानेसर इलाके से एक बेहद सनसनीखेज और दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक शख्स ने अपनी ही पत्नी की बेरहमी से हत्या कर डाली.

फिर लाश को अपनी प्रेमिका के किराये के कमरे के बाथरूम में छुपाकर दोनों फरार हो गए. रविवार को कमरे से तेज बदबू आने पर जब पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी, तब जाकर इस खौफनाक वारदात का खुलासा हुआ. ये खबर आप हिमाचल से में पढ़ रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. मृतका मधु मूल रूप से रेवाड़ी के हंसाका गांव की रहने वाली थी. करीब एक साल पहले ही उसकी शादी मानेसर निवासी अंकित भगत से हुई थी. मधु 21 मई को अचानक लापता हो गई थी. मृतका के पिता अशोक ने बताया कि 21 मई को दामाद अंकित और उसके परिजनों ने उनके घर आकर एक झूठी कहानी गढ़ी कि मधु घर के सारे सोनेचांदी के गहने लेकर किसी के साथ भाग गई है. शक होने पर मायके वाले तुरंत पुलिस के पास पहुंचे. जैसे ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू की, आरोपी पति अंकित 22 मई से अचानक गायब हो गया. शुरुआती जांच में मायके वालों को पड़ोसियों से अहम सुराग मिले. पड़ोसियों ने बताया कि उन्होंने 21 मई को मधु को उसके पति अंकित के साथ स्कूटी पर बैठकर जाते हुए देखा था. इसके बाद जब पुलिस ने अंकित के बैकग्राउंड की जांच की, तो पता चला कि उसने मानेसर बस स्टैंड के पास दो साल से एक कमरा किराये पर ले रखा था, जहां वह एक अन्य युवती के साथ लिवइन रिलेशनशिप में रहता था. स्थानीय लोगों ने 22 मई की रात को अंकित और उसकी प्रेमिका को हड़बड़ाहट में उस कमरे से भागते हुए भी देखा था. पुलिस जब उस किराये के कमरे पर पहुंची, तो बाथरूम के अंदर मधु का शव बुरी तरह सड़ चुकी हालत में मिला. प्राथमिक जांच के अनुसार, महिला की हत्या कई दिन पहले ही कर दी गई थी और शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से बाथरूम में बंद कर दिया गया था. परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने पति अंकित और उसकी प्रेमिका के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है और दोनों की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें छापेमारी कर रही हैं.



# दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्रा से लखनऊ में गैंगरेप, 4 दिन तक फ्लैट में बंधक बनाकर किया शोषण

**( यंग भारत न्यूज )**

लखनऊ। यूपी की राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि पुराने दोस्त समेत तीन युवकों ने छात्रा को चार दिन तक फ्लैट में बंधक बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि छात्रा छुट्टियों में अपने घर जौनपुर गई हुई थी।15 मई को वह परीक्षा का एडमिट कार्ड लेने के लिए सुहेलदेव एक्सप्रेस से दिल्ली लौट रही थी। इसी दौरान पुराने दोस्त शिवम यादव ने उसे मैसेज कर चारबाग रेलवे स्टेशन पर मिलने के लिए बुलाया। स्टेशन पहुंचने पर शिवम और उसके साथी सनी यादव ने छात्रा को ट्रेन से उतार लिया और बहाने से सुशांत गोल्फ सिटी स्थित फ्लैट पर ले गए। पीड़िता का आरोप है कि वहां उसे नशीला पदार्थ मिलाकर कोल्ड कॉफी पिलाई गई, जिसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया गया। अगले दिन आरोपी के साथी ने भी गलत काम किया। 17 मई को तीसरा युवक फ्लैट पर पहुंचा और तीनों ने मिलकर छात्रा का शोषण किया। आरोपियों ने चार दिन तक छात्रा को फ्लैट में बंद रखा और बाहर जाते समय कमरे को बाहर से लॉक कर देते थे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई।18 मई को आरोपी छात्रा को वापस चारबाग स्टेशन ले गए और ट्रेन में बैठाकर फरार हो गए। बरेली पहुंचने पर छात्रा ने अपने पिता को फोन कर पूरी घटना बताई। इसके बाद 20 मई को आंनद विहार पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई गई। मामला लखनऊ से जुड़ा होने के कारण 22 मई को केस सुशांत गोल्फ सिटी थाने ट्रांसफर कर दिया गया।पुलिस के अनुसार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की गई हैं और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया जा रहा है।



# 2500000 लेकर ममेरे भाई संग भागी बहन! हॉनर किलिंग नहीं. पिता ने शर्म के मारे किया ऐसा कांड; नहीं भूल पाएगा समाज

**( यंग भारत न्यूज )**

**मुरादाबाद।** प्रदेश के मुरादाबाद से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आ रही है. दरअसल यहां एक 22 साल की महिला ने समाज और अपने परिवार, दोनों की परवाह न करते हुए अपने ममेरे भाई के साथ भागकर शादी कर ली.

उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से एक हैरान कर देने वाली खबर सामने आ रही है. दरअसल यहां एक 22 साल की महिला ने समाज और अपने परिवार, दोनों की परवाह न करते हुए अपने ममेरे भाई के साथ भागकर शादी कर ली. जी हाँ! जिसके बाद परिवार एक गहरे सदमे में चला गया. बेटी के इस तरह घर से भाग जाने का सदमा बाप नहीं सह पाए जिसके बाद उन्होंने जहर खा लिया. बताया जा रहा है कि महिला के भागने की यह घटना 14 मई को हुई थी, जिस समय वो घर में रखी लगभग ?25 लाख की कीमती ज्वेलरी भी अपने साथ ले गई थी. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस घटना के बाद से पूरे जिले में इस मामले की ही चर्चा है. समाज में ही रही बेइज्जती के कारण पिता ने जहर खा लिया तो पूरा परिवार एक सदमे में है. बता दें कि लड़की के पिताएक दिहाड़ी मज़दूर के तौर पर काम करते थे. वहीं अपनी बेटी की इस हरकत से पिता पूरी तरह से टूट चुका था. समाज में हो रही बदनामी वो पिता नहीं झेल पा रहा था जिसकी वजह से उसने अपनी जान दे देने का फैसला लिया और चंद लम्हों में खुद की जान दे दी. रिश्तेदारों और पड़ोसियों के मिल रहे सपोर्ट के बाद भी पिता मानसिक पीड़ा से खुद को बाहर नहीं निकाल पाया. समाज का सामना करने की हिम्मत नहीं बची थी. जिसके बाद लड़की के पिता ने किसी ज़हरीले पदार्थ का सेवन करके आत्महत्या कर ली. एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान पिता का निधन हो गया, जिससे पूरा मोहल्ला और शोकाकुल परिवार गहरे शोक में डूब गया. इस घटना ने, जिसने पारिवारिक रिश्तों की पवित्रता को पूरी तरह से तार-तार कर दिया है, पूरे ज़िले को सदमे में डाल दिया है।



# 14 साल के किशोर को दिल दे बैठी चार बच्चों की मां, अब साथ रहने की जिद, थाने पहुंचा मामला

**( यंग भारत न्यूज )**

महाराजगंज में एक अजीब मामला नौतनवा पुलिस के सामने आया है। यहां चार बच्चों की मां 14 साल के किशोर को दिल दे बैठी।उससे शादी का भी दावा करते हुए किशोर के साथ ही रहने की जिद पर अड़ गई है।

किशोर और उसके परिजनों ने इनकार किया तो महिला थाने पहुंच गई और किशोर पर बेवफाई का आरोप लगा रही है।महिला की उम्र 40 साल है। उसका सबसे बड़ा बेटा ही 19 साल का हो चुका है।इसके बाद भी वह 14 साल के किशोर को अपना पति बताते हुए उसी के साथ रहना चाहती है। महिला की जिद और बातें सुनकर पुलिस भी हैरान व परेशान है। पुलिस ने किशोर के परिजनों को संपर्क कर महिला से बात कराई।कई घंटे चली बातचीत के बाद किसी तरह मामला आपसी समझौते के बाद समाप्त हुआ। इसके बाद महिला अपने घर रवाना हुई है। गोरखपुर की रहने वाली 40 वर्षीय महिला इंस्टाग्राम पर रील बनाकर पोस्ट करती थी। उसकी रील को अक्सर 14 वर्षीय एक किशोर लाइक और शेयर करता था।अपनी रील को लाइक व शेयर करने वाले किशोर से उसकी चैटिंग होने लगी। धीरे-धीरे दोनों ने एक दूसरे का नंबर लिया और बातचीत भी होने लगी। बातचीत के दौरान ही वह किशोर के बेहद नजदीक आ गई।मामला इतना बढ़ गया कि महिला को 14 साल के किशोर से प्यार हो गया।उसे यह भी नहीं ख्याल रहा कि उसके चार बच्चे हैं।सबसे बड़ा बेटा तो किशोर से भी पांच साल बड़ा 19 साल का है। इसके बाद भी वह किशोर से मिलने के लिए तड़पने लगी।जिस दौरान दोनों की बातचीत शुरू हुई किशोर अपने पिता के साथ चेन्नई में रह रहा था।महिला के अनुसार फरवरी में किशोर चेन्नई से गोरखपुर आया।इसी दौरान महिला की किशोर से मुलाकातें हुई। महिला के अनुसार इन्हीं मुलाकातों के दौरान ही किशोर ने उससे शादी भी कर ली।इसके बाद किशोर अपने घर चला गया और महिला से बातचीत कम करने लगा। इससे महिला परेशान रहने लगी।किशोर ने उसका फोन उठाना तो बंद किया ही, इंस्टग्राम की रील पर लाइक और शेयर करना भी बंद कर दिया। किशोर के व्यवहार से आहत होकर महिला थाने पहुंच गई।किशोर पर बेवफाई का आरोप लगाते हुए अपनी पूरी कहानी सुनाई तो पुलिस वाले भी हैरान रह गए। पुलिस वालों ने पहले महिला को समझाने की कोशिश की।लोकलाज और समाज का वास्ता देकर इस मामले को खत्म करने की बात कही।लेकिन महिला किशोर के साथ ही रहने और उसे बुलाने की मांग पर अड़ गई। थाने में घंटों महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा चलता रहा। थक हारकर पुलिस ने किशोर का नंबर लिया और उसके परिजनों से बात की। थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह का कहना है कि महिला जिस किशोर पर आरोप लगा रही थी उसे और उसकी मां को बुलाया गया था। बातचीत के बाद दोनों ने आपसी समझौता कर लिया और अपने-अपने घर चले गए। दोनों ने आपसी सहमति से एक-दूसरे से फिलहाल संपर्क नहीं करने की बात कही है।



# युवती की हत्या का चौंकाने वाला मामला: पिता ने की हत्या

**( यंग भारत न्यूज )**

**लखनऊ।** चार दिन पहले छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी में एक युवती का सिर कटा शव रेलवे पुलिस ने छह टुकड़ों में बरामद किया।इस हत्या की जांच के लिए पुलिस यूपी और बिहार के रेलवे स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी फुटेज की गहनता से जांच कर रही है।

हाल ही में छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी में एक 16 वर्षीय युवती का सिर कटा शव मिला।पुलिस ने इस हत्या के मामले का खुलासा कर दिया है, जो सभी को चौंका देने वाला है।पुलिस के अनुसार, इस युवती की हत्या उसके पिता ने की थी।पिता को शक था कि उसकी बेटी एक हिंदू लड़के से फोन पर बात कर रही है।उसने कई बार बेटी को समझाने और धमकाने की कोशिश की, लेकिन जब वह नहीं मानी, तो पिता ने 'बदनामी' के डर से हत्या की योजना बनाई।जांच में यह भी सामने आया कि परिवार की बड़ी बेटी पहले ही एक हिंदू युवक से शादी कर चुकी थी, जिससे आरोपी के मन में 'इज्जत' और 'समाज' का डर और बढ़ गया।पुलिस ने बताया कि यह हत्या अचानक नहीं हुई थी, बल्कि पूरी तरह से योजनाबद्ध थी।वारदात से पांच दिन पहले आरोपी ने अपनी पत्नी और दोनों बेटों को रिश्तेदारों के पास भेज दिया था।16 मई को उसने अपनी बहन और बहनोई को बुलाया और तीनों ने मिलकर किशोरी की हत्या कर दी।हत्या के बाद शव को छुपाने की योजना बनाई गई।आरोपी ने शव को छह टुकड़ों में काट दिया।सिर को गांव के तालाब में फेंक दिया गया, जबकि हाथ और पैर अलग-अलग पैकेट में रखे गए।धड़ को एक छोटे बॉक्स में रखा गया।इसके बाद आरोपी और उसके साथी शव के टुकड़ों से भरा बॉक्स लेकर ई-रिक्शा से तमकुही रोड स्टेशन पहुंचे और वहां छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस के स्लीपर कोच स-1 में बॉक्स रखकर फरार हो गए।हालांकि, पुलिस ने इस हत्या के मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



# प्राइवेट पार्ट की नस काट कर पति को किया बेहोश फिर पत्नी ने अंजाम दिया ऐसा शर्मनाक कांड जो सोच से परे है

**( यंग भारत न्यूज )**

**बरेली।** प्रदेश के बरेली जिले से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां घरेलू विवाद को लेकर महिला ने अपने ही पति के साथ ऐसी हरकत की जिसको सुनकर किसी का भी दिल दहल जाएगा। बताया जा रहा है कि महिला ने अपने ही पति को नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश किया और गुस्से में गुप्तांग की नस काट दी।इसके बाद घर से चोरी करके फरार हो गई।

जानकारी के अनुसार यह पूरा मामला उत्तर प्रदेश के एक गांव का बताया जा रहा है।यहां के निवासी एक युवक की शादी ढाई साल पहले क्षेत्र की एक युवती से हुई थी। शादी के कुछ समय कर सब कुछ अच्छा चला, लेकिन इसके कुछ समय बाद दोनों के बीच झगड़ा होने लगा।पत्नी के कहने पर युवक अपने परिवार से अलग रहने लगा।उसके कुछ दिन बाद एक शाम दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी।आरोप है कि इसके बाद पत्नी ने खाने में नशीला पदार्थ मिलाया और पति को खिला दिया।जब वह बेहोश हो गया तो आरोपी महिला ने ब्लेड से उसके गुप्तांग की नस काट दी।इस घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पत्नी घर में रखी नकदी और जेवर लेकर अपने पति को खून से लथपथ हालत में छोड़कर फरार हो गई।जब परिजनों ने खून से लथपथ युवक को देखा तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी।घटना के बाद युवक को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।पुलिस ने पीड़ित युवक की रिपोर्ट दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी हैं।पति ने अपनी पत्नी पर आरोप लगाया है कि उसका किसी दूसरे शख्स के साथ अफेयर चल रहा है और वह उसी के साथ फरार हुई है।पति ने आरोप लगाते हुए कहा कि-उसकी पत्नी रात-रात भर किसी आदमी से फोन पर बात करती थी।इस घटना के बाद पीड़ित पति ने पुलिस से न्याय की मांग की है।वहीं पूरे मामले में थाना प्रभारी सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि युवक को इलाज के लिए भेजा है।गंभीरता को देखते हुए पुलिस आरोपी महिला की तलाश में जुटी है।



# मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को पुलिस का फरमान- अपने पुश्तैनी घर में नहीं रह सकते, आधी रात पहुंच गई फोर्स

**( यंग भारत न्यूज )**

मऊ से विधायक अब्बास अंसारी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं. गाजीपुर पुलिस ने देर रात मुहम्मदाबाद स्थित उनके पैतृक आवास 'फाटक' पर पहुंचकर उन्हें एक आधिकारिक नोटिस थमाया है

पुलिस की यह कार्रवाई उस गोपनीय सूचना के बाद हुई है, जिसमें दावा किया गया था कि अब्बास अंसारी पिछले कई दिनों से बिना किसी नए अदालती आदेश के यहां आकर लगातार रुक रहे हैं. पूर्वांचल की राजनीति में रसूख रखने वाले अंसारी परिवार के इस पावर सेंटर पर आधी रात को हुई इस पुलिसिया कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है. दरअसल, चित्रकूट में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी को मानवीय आधार पर राहत देते हुए केवल तीन दिनों के लिए गाजीपुर में प्रवास करने की विशेष अनुमति दी थी. पूर्व में अब्बास अंसारी के वकीलों की ओर से पुलिस को जो कार्यक्रम भेजा गया था, उसके मुताबिक उन्हें 13 मई को गाजीपुर आना था. नियम के मुताबिक कोर्ट द्वारा तय की गई यह समयावधि बीते हुए कई दिन हो चुके हैं. इस बीच पुलिस के खुफिया तंत्र को जानकारी मिली कि अब्बास अंसारी कस्टडी परोल और कोर्ट के आदेशों की तय समय-सीमा खत्म होने के बाद भी लगातार पैतृक आवास 'फाटक' पर ही जमे हुए हैं और वहीं रात्रि विश्राम कर रहे हैं. इस इनपुट के आधार पर क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद भारी पुलिस बल के साथ देर रात करीब 11 से 12 बजे के बीच अचानक 'फाटक' पहुंचे. पुलिस टीम ने वहां मौजूद विधायक अब्बास अंसारी को सीधे नोटिस थमा दिया. पुलिस द्वारा दिए गए इस नोटिस में बेहद सख्त रुख अपनाया गया है. क्षेत्राधिकारी ने नोटिस के माध्यम से अब्बास अंसारी से साफ तौर पर पूछा है कि वे वर्तमान में किस कानूनी या अदालती आदेश के तहत इस आवास पर निवास कर रहे हैं. नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि यदि उनके पास गाजीपुर में रुकने का कोई वैध और नया अदालती आदेश है, तो उसे तुरंत पुलिस के सामने प्रस्तुत करें या फिर उन्हें गाजीपुर छोड़ देना चाहिए. दिलचस्प बात यह रही कि जब पुलिस अधिकारी मौके पर नोटिस सर्व कर रहे थे, उस समय अब्बास अंसारी की ओर से कोई भी नया या वैध अदालती आदेश प्रस्तुत नहीं किया जा सका. इसके बाद पुलिस ने उन्हें लिखित जवाब देने और संबंधित दस्तावेज़ पेश करने के लिए महज एक दिन यानी 24 घंटे का समय दिया है.कानूनी जानकारों के मुताबिक, एक जनप्रतिनिधि और न्यायिक हिरासत के अधीन चल रहे व्यक्ति के लिए यह स्थिति बेहद गंभीर है. अगर अब्बास अंसारी तय समय में कोई वैध आदेश नहीं दिखा पाते हैं, तो इसे कोर्ट के आदेश की अवहेलना माना जाएगा. इससे भविष्य में उन्हें मिलने वाली किसी भी तरह की कानूनी राहत या जमानत याचिकाओं पर सीधा असर पड़ सकता है. अब देखना होगा कि अंसारी परिवार और उनके वकील इस नोटिस का क्या कानूनी जवाब दाखिल करते हैं.



# सड़कों पर उतरा 'जैन सैलाब'

- समाधिस्थ आर्यिका द्वय (साध्वियों) को मौन पदयात्रा निकालकर दी श्रद्धांजलि
- रीवा की हृदयविदारक घटना के बाद जैन समाज में भारी आक्रोश; प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री से की 'संत सुरक्षा नीति' लागू करने की मांग
- जैन साधु-संतों की सुरक्षा के लिए जिलाधिकारी (झाँसी) के माध्यम से सौंपा गया ज्ञापन



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति, के तत्वावधान एवं अध्यक्ष अजित कुमार जैन के नेतृत्व एवं महामंत्री वरुण जैन के संयोजन में सकल जैन समाज झाँसी द्वारा रानीमहल से जिलाधिकारी कार्यालय झाँसी तक मौन पदयात्रा निकालकर समाधिस्थ आर्यिका द्वय मां श्रुतमति माताजी एवं आर्यिका मां उपशममति माताजी (साध्वियों) को श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि मध्यप्रदेश के रीवा में हुई एक अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण सड़क दुर्घटना में दो जैन साध्वियों के आकस्मिक निधन के बाद संपूर्ण भारतवर्ष का जैन समाज और अहिंसा प्रेमी नागरिक गहरे सदमे और आक्रोश में हैं। जिला अधिवक्ता संघ झाँसी के अध्यक्ष एड. प्रमोद शिवहरे ने कहा कि अहिंसक जैन समाज के साधु संतों के साथ हुई इस अमानवीय घटना की हम घोर निंदा करते हैं और सरकार से हम दोषियों पर सख्त कार्रवाई करते हुए फांसी देने की मांग करते हैं। जैन साधु-संतों के पदविहार (पदयात्रा) के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा पूरे देश में 'संत सुरक्षा नीति' लागू करने की मांग को लेकर आज झाँसी में जैन समाज द्वारा जिलाधिकारी महोदय के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी), माननीय गृहमंत्री (श्री अमित शाह) और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री (श्री योगी आदित्यनाथ) के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। दुर्घटना पर जताया गहरा शोक:ज्ञापन के माध्यम से परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज की सुयोग्य शिष्याओं—दिगम्बर जैन साध्वियां आर्यिका मां श्रुतमति माताजी एवं आर्यिका मां उपशममति माताजी—के सड़क दुर्घटना में हुए समाधि-मरण पर गहरी व्यथा व्यक्त की गई।समाज के प्रतिनिधि सौरभ जैन सर्वज्ञ ने ज्ञापन वाचन करते हुए अवगत कराया कि जैन धर्म के साधु-साध्वी आजीवन पदयात्री होते हैं। वे पूर्ण अहिंसा का पालन करते हुए, बिना किसी वाहन के, नंगे पैर पूरे देश में धर्म और शांति का संदेश देते हैं। विगत कुछ वर्षों से राष्ट्रीय राजमार्गों पर भारी यातायात और तेज रफ्तार वाहनों के कारण जैन संतों के साथ दुर्घटनाओं की संख्या में चिंताजनक वृद्धि हुई है, जिसमें कई संतों ने अपने प्राण गंवाए हैं।

9 ज्ञापन में रखी गई प्रमुख मांगें:- 9

शासन-प्रशासन को उनकी जिम्मेदारी से अवगत कराते हुए, समाज ने निम्नलिखित मांगें प्रमुखता से रखी हैं:

व्यापक 'संत सुरक्षा नीति': केंद्र तथा राज्य सरकारें तत्काल प्रभाव से पूरे देश व प्रदेश में पदविहार करने वाले जैन साधु-संतों की सुरक्षा के लिए एक ठोस और व्यापक 'संत सुरक्षा नीति' का निर्माण कर उसे लागू करें।

अनिवार्य पुलिस एस्कॉर्ट: संतों के पदविहार के दौरान स्थानीय प्रशासन द्वारा उन्हें अनिवार्य रूप से पुलिस सुरक्षा (एस्कॉर्ट) या होमगार्ड प्रदान किए जाएं।

थानों के बीच समन्वय: विहार मार्ग पर पड़ने वाले सभी पुलिस थानों के बीच पूर्व-सूचना की व्यवस्था हो, ताकि एक थाना क्षेत्र से दूसरे थाना क्षेत्र में प्रवेश करते समय सुरक्षा की निरंतरता बनी रहे।

राजमार्गों पर सुरक्षित व्यवस्था: हाईवे और मुख्य मार्गों पर पदयात्रियों के लिए सुरक्षित लेन सुनिश्चित की जाए। संतों के विहार के समय यातायात को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग और रिफ्लेक्टर आदि की उचित व्यवस्था हो।

दोषियों पर सख्त कार्रवाई: रीवा दुर्घटना सहित पूर्व में हुई ऐसी सभी घटनाओं की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। लापरवाही बरतने वाले वाहन चालकों पर गैर-इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें सख्त से सख्त सजा दी जाए।

सांस्कृतिक धरोहर हैं संत

ज्ञापन के अंत में इस बात पर जोर दिया गया है कि जैन साधु-संत हमारे देश की अमूल्य आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर हैं। उनकी रक्षा करना शासन का नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है। समाज ने सरकार से अपील की है कि भविष्य में ऐसी हृदयविदारक घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अविलंब ऐतिहासिक निर्णय लिए जाएं।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी नेता शैलेन्द्र जैन प्रेस, अशोक जैन भावना होटल, वरिष्ठ समाजसेवी सिंघई कैलाशचंद जैन वर्धमान, राजीव जैन सिर्स, वीके जैन (पूर्व वनाधिकारी), डॉ जिनेन्द्र जैन, सुरेन्द्र जैन बक्सा, जिनेन्द्र सर्राफ, राजेन्द्र बड़जात्या, रविन्द्र सिंघई, एंजि. केसी जैन, डॉ विनय जैन, मनोज अछरौनी, अनिल बाजा, राजेन्द्र अछरौनी, प्रदीप जैन चैनू, सुनील अछरौनी, रविन्द्र जैन चिरगांव, एंजि.एम.के.जैन, मनोज नायक, श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति के उपाध्यक्ष रविन्द्र जैन रेल्वे, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र चौधरी, ऑडिटर राजकुमार भण्डारी, बड़ा मन्दिर मंत्री सुनील जैनको, करगुंवा मंत्री सवाई सिंघई संजय जैन, प्यावल मंत्री खुशाल जैन, वरिष्ठ समाजसेवी दिनेश जैन डीके, मनोज सिंघई, देवेन्द्र जैन एलआईसी, अलंकार जैन, सुभाष जैन सत्यराज, अशोक जैन रतनसेल्स, व्यापारी नेता अतुल जैन सर, आलोक जैन विश्वपरिवार, विकास जैन चिरगांव, प्रमोद वैरायटी, युवा समाजसेवी अंकित सर्राफ, गौरव जैन नीम, संयोग भण्डारी, सचिन सर्राफ, गौरव जैनम, अमन जैन विरागप्रिय, संजीव जैन मिनी, रवि कंधारी, कुलदीप जैन, जितेन्द्र सीपरी, पंकज गुदरी, सुरेन्द्र बघेरा, ऋषभ जैन (स्वास्थ्य विभाग), मुकेश वीडियो, देवव्रत जैन बबलू, सनी जैन चैनू, देवेश जैन केडी, राजीव रानू, अनूप जैन सनी, मयंक जैन, कमलेश जैन, पुष्पेंद्र जैन रानीपुर, विवेक नायक, सौरभ गुदरी, राहुल चाय, नवीन पड़रा, आशीष जैन नगरा, रवि बिजौली, शगुनचंद जैन, संजय कर्नल, विपिन जैन ओम बिजली, आलोक बल्ले, विवेक भगतजी, रवि जैन कटरा, डॉ अभय जैन, आशीष जैन माची, राजकुमार शिवाजीनगर, प्रदीप छतरपुर, संजीव खिलौना, राजीव टूंका, अमित प्रधान, अरुण सिर्स, अभिषेक नगरा, आग्रह जैन, शुभम जैन, राजेश दीनदयालनगर, उमेश सिंघई, सौरभ जैनम, नीलेश मोदी, नरेन्द्र जैन, जिनेन्द्र जैन, पवन जैन, प्रमोद जैन बब्बा, वीके मोदी, विनय चौधरी, विकास जैन, विजय जैन, रमेश जैन, अशोक नगरा, शशांक जैन, दिनेश जैन, कमल नईबस्ती, चक्रेश जैन, राजीव शिवाजी, अमित सिंघई, जैन महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती सरोज जैन, रीता जैन, अंजली सिंघई, डॉ नीलम जैन, अंजू जैन, ममता जैन, अर्चना जैन, सुलेखा नायक, रूबी जैन, लक्ष्मी जैन, श्वेता जैन, प्रिया जैन, शिल्पी जैन, सारिका जैन, जयंती जैन, पिंकी जैन, रंजना जैन, सुनीता जैन, पूजा जैन, हर्षा जैन, मधु मोदी, पूनम जैन, रश्मि जैन सहित मुनि सेवा संघ, दया भावना फाउंडेशन, भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव समिति, दि. जैन महासमिति, श्री पावागिरी शिक्षण संस्थान (पंजी.), श्री भगवान महावीर लोक कल्याण समिति (पंजी.), भारतीय जैन मिलन (समस्त शाखाएं), पुलक जन चेतना मंच (समस्त शाखाएं), जैन महिला जागृति मंच (समस्त शाखाएं), उत्तरांचल तीर्थक्षेत्र कमेटी, दि. जैन सोशल ग्रुप, श्रमण चरण सेवक संघ, विशुद्ध चेतना संघ, विमर्श जागृति मंच, विनिश्चय ग्रुप, जैन युवा संघ नगरा, वीर सेवादल, वर्धमान सेवा समिति, मुनि सेवा समिति नगरा, गुरु भक्त मिलन, गुरु सेवा संघ, दिगम्बर जैन महिला मण्डल, प्रबंध कार्यकारिणी समिति सदर बाजार, दीनदयाल नगर, अशोक संफ्रान सिटी, नगरा, सीपरी बाजार, गुदरी मंदिर, कटरा मंदिर, चंद्रप्रभु जिनालय, कैलाश रेजीडेंसी, चावला कॉलोनी, राजगढ़, करगुंवाजी सहित समस्त सहयोगी संगठनों के हजारों जैन धर्मावलंबी उपस्थित रहें। ज्ञापन सभा का संचालन पंचायत महामंत्री वरुण जैन एवं आभार सौरभ जैन सर्वज्ञ ने व्यक्त किया।

# संघर्ष सेवा समिति कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल का भव्य अभिनंदन

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** सामाजिक सरोकारों एवं जनसेवा की भावना को समर्पित संघर्ष सेवा समिति कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल के आगमन पर आत्मीय एवं भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति पदाधिकारियों द्वारा उन्हें तिलक लगाकर, पुष्पमालाएं पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही स्मृतिचिह्न स्वरूप वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. संदीप सरावगी एवं प्रदीप पटेल के मध्य सामाजिक एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर गंभीर एवं व्यापक चर्चा हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष ने संघर्ष सेवा समिति की कार्यप्रणाली को निकटता से समझते हुए समिति के सेवा कार्यों एवं सक्रिय पदाधिकारियों की मुक्तकंठ से सराहना की। प्रदीप पटेल ने कहा कि डॉ. संदीप सरावगी समाजहित में निरंतर सराहनीय कार्य कर रहे हैं। विशेष रूप से नारी सशक्तिकरण एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में उनके प्रयास अत्यंत प्रेरणादायी हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे समाजसेवी व्यक्तित्वों को राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, क्योंकि वर्तमान समय में राजनीति सेवा, संवेदनशीलता और जनसरोकारों के आधार पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने सामूहिक विवाह आयोजनों को दहेज प्रथा पर प्रभावी एवं सकारात्मक प्रहार बताते हुए कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र में विवाह हेतु दहेज की व्यवस्था करना अनेक परिवारों के लिए संघर्षपूर्ण होता है, ऐसे में डॉ. संदीप द्वारा किए जा रहे प्रयास समाज को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। वहीं डॉ. संदीप सरावगी ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजसेवा के क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों का सहयोग एवं मार्गदर्शन सदैव प्रेरणास्त्रोत रहता है। इस अवसर पर सरित राय, गोलू पटेल, कमल मेहता, नरगिश बानो, मीणा मसीहा, दीपक त्रिपाठी, राजदा, मानवेंद्र सिंह पाल, राजा सिंह मुखिया, रामसेवक अडजरिया, महेश पटेरिया, शिवम लखेरा, अभिषेक कनौजिया, बसंत गुप्ता, राकेश अहिरवार, सुशांत गुप्ता, शुभांशु वर्मा, मुन्ना मास्टर, राजू सेन, अनुज प्रताप सिंह, संदीप नामदेव, धर्मेंद्र खटीक चाचा, अंजली विश्वकर्मा, रिया वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

# नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की धुन से वातावरण भक्तिमय हो गया

## नगर आगमन पर खेर इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने कथा व्यास का किया सम्मान





( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** ग्राम भस्नेह के माधौपुरा स्थित शिवालय सरकार पर विष्णु महायज्ञ में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्म की कथा में श्रोता झूमकर नाचे।नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की धुन से वातावरण भक्तिमय हो गया। राष्ट्रीय कथा वाचक पं ब्रजेश त्रिपाठी शास्त्री ने कृष्णजन्म की कथा सुनाते हुए कहा कि नंद एवं यशोदा पूर्वजन्म के द्रोड़ एवं धरा नाम के वसु थे,जिन्होंने तपस्या करके भगवान की बाल लीलाओं के सुख प्राप्त करने का वरदान मांगा था,इसलिए वही निर्गुण ब्रम्ह सगुण साकार बनकर ब्रज में अवतरित हुआ और अपनी बाल लीलाओं से वृज वासियों को आनंद प्रदान किया। भगवान के जन्म पर बधाइयों की प्रस्तुति पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचे। कथा व्यास का खेर इंटर कॉलेज गुरसरांय के प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी एवं श्रीमती अर्चना तिवारी ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। भागवत कथा में ऑर्गन पर बीरेन्द्र सिंह,तबले पर धर्मेंद्र कौशिक,पैड पर नीलू एवं आनंद ने संगत की। यज्ञाचार्य पं गणेश दत्त शास्त्री के संयोजन में वैदिक पंडित देवेंद्र शास्त्री,हृदेश कटारे,सुदीप पटेरिया,आनंद स्वरूप दुवे एवं सतीश मिश्रा के द्वारा विधि विधान से यज्ञ का शुभारंभ हुआ।यज्ञ का पूजन मुख्य यजमान राजू सिंह परमार एवं सहयोगी यजमानों द्वारा किया गया।भागवत का मूल पाठ आचार्य हरेंद्र गौतम ने किया। भागवत की आरती परीक्षित श्रीमती रेखा अखिलेश कनकने ने की। इस दौरान भारतेंदु बुंदेला सहित ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# संतों की संगति से मन होता है पवित्र-पंरमाकांत व्यास

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** सिद्ध स्थान चका डोरी धाम पर चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ध्यान योग का वर्णन किया गया। संगीत मय भागवत कथा सुनाते हुए भागवत कथा के विख्यात वक्ता भागवत भूषण पंडित रमाकांत व्यास ने कहा कि संतों की संगति करने से उत्तम विचार मन मे आते है,और मन पवित्र होता है।

उन्होंने नवधा भक्ति के माध्यम से कहा कि प्रथम भक्ति संतों की संगति है।जैसी संगति करोगे,वैसे ही विचार मन मे उत्पन्न होंगे,इसलिये सत पुरुषों महापुरूषों की संगति करें,और भगवान की कथाओं का गुणगान करें।भगवान के ध्यान लगाने की पद्धति में उन्होंने कहा कि पूरक कुंभक एवं रेचक विधि से सम्पूर्ण इंद्रियों को बश में करके परमात्मा का ध्यान लगाना चाहिये। भागवत कथा का पूजन चका डोरी धाम के महंत राकेश दास जी महाराज ने किया। भागवत का मूल पाठ आचार्य दुर्गेश द्विवेदी ने किया।पूजन पं दीपक तिवारी ने कराया। ऑर्गन पर अनुज गोस्वामी, हारमोनियम पर आशीष तिवारी,तबला पर मनोज भण्डारया ,बेंजो पर दीपक नागर,ढोलक पर अमित चौबे,पैड पर राधा मोहन दुवे ने संगत की। कथा में खेर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी एवं श्रीमती अर्चना तिवारी ने कथा व्यास का सम्मान किया। इस मौके पर यज्ञ के आयोजक महंत राकेशदास, रमाकांत मिश्रा, सत्यप्रकाश तिवारी सिया,नितुल व्यास, महेशचंद्र विदुआ, विकास तिवारी सिया, कैलाश तिवारी, श्रीप्रकाश द्विवेदी, गिरजा शंकर मिश्रा, दिनेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# भारत गौरव प्रतिभा रत्न अवॉर्ड 2026 : सम्मान, प्रेरणा और उपलब्धियों का भव्य संगम

## इण्टरनेशनल अवार्ड काउंसिल ने नई दिल्ली में आयोजित किया भव्य सम्मान समारोह

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** राजधानी दिल्ली के पांच सितारा होटल रेडिसन ब्लू में रविवार को इण्टरनेशनल अवॉर्ड काउंसिल द्वारा आयोजित 'भारत गौरव प्रतिभा रत्न अवॉर्ड 2026' समारोह भव्यता, गरिमा और प्रेरणा का अद्भुत संगम बनकर सामने आया। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे शिक्षा, चिकित्सा समाजसेवा, स्वास्थ्य, कला, मीडिया, नारी सशक्तिकरण एवं सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली लोगों को भव्य मंच पर सम्मानित किया गया। समारोह की विशेषता रही कि यहां केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाले कार्यों को नई पहचान और नई ऊर्जा देने का संदेश भी देखने को मिला। मंच की भव्य सजावट, आकर्षक रोशनी तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त वरिष्ठ आई ए एस अधिकारी तनवीर ज़फर अली ने की। उन्होंने कहा देशभर से प्रतिभाओं को एक मंच पर सम्मान मिलना बेहद प्रेरणादायक है। ऐसे आयोजन युवाओं को आगे बढ़ने की नई ऊर्जा देते हैं। विशिष्ट अतिथि म प्र शासन के संदीपनी विद्यालय योजना के पूर्व तकनीकि प्रदेश प्रभारी विष्णुकांत कनकने ने कहा, 'हर प्रतिभा सम्मान की हकदार है और इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का मनोबल बढ़ाते हैं। वहीं मप्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जेड आर यू सी सी उत्तर मध्य रेलवे, भारत सरकार , भारत सरकार के सदस्य पं. हरिओम शर्मा ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा यह आयोजन बेहद शानदार और व्यवस्थित रहा। उन्होंने कहा इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक सन्देश देते हैं , प्रतिभाओं को सम्मानित करना राष्ट्र निर्माण की दिशा में सराहनीय पहल है यहां सम्मानित हुए सभी लोगों को मैं शुभकामनाएं देता हूं। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता मुकेश कुमार त्रिपाठी ने कहा, की देश के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य कर रहे लोगों को पहचान देना बहुत जरूरी है। यह मंच उसी दिशा में एक सुंदर प्रयास है। कार्यक्रम के दौरान जब मंच पर प्रतिभाओं को अवॉर्ड प्रदान किए गए तो पूरा सभागार तालियों की गूंज से गूंज उठा। सम्मानित होने वाले लोगों ने इसे अपने जीवन का गौरवपूर्ण पल बताते हुए कहा कि ऐसे मंच उन्हें समाज और देश के लिए और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। आयोजकों ने बताया कि इण्टरनेशनल अवॉर्ड काउंसिल का उद्देश्य देशभर की प्रतिभाओं और समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित कर उन्हें नई पहचान प्रदान करना है। कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों और प्रतिभागियों ने आयोजन की भव्यता, अनुशासन और प्रोफेशनल व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना की। सम्मान, प्रेरणा और सामाजिक सरोकारों से जुड़ा यह समारोह राजधानी दिल्ली में चर्चा का विषय बना रहा। यह आयोजन केवल पुरस्कार वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज में सकारात्मक कार्य करने वाली प्रतिभाओं के सम्मान और उत्साहवर्धन का एक प्रेरणादायी मंच बनकर सामने आया।

# जैन समाज के संतों की यात्रा के दौरान सुरक्षा को लेकर जैन समाज ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** जैन समाज के लोगों ने सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष चक्रेश जैन के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी गरौठा सुनील कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर जैन समाज के संतों की यात्रा को सुरक्षित करने का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि विगत दिनों मध्यप्रदेश के रीवा में प्रातःकाल यात्रा कर रहीं जैन समाज की साध्वी आर्का माताजी को वाहन ने जोरदार टक्कर मारी थी।ऐसी घटनाएं पहिले भी कई बार हो चुकीं है।इस घटना से आक्रोशित होकर पूरे देश मे आज के दिन जैन समाज ने प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित करके जैन समाज के संतों की यात्रा के दौरान सुरक्षा किये जाने की मांग की।

ज्ञापन में नेहिल जैन सिंघई,सुनील जैन डीकू,रवि जैन,संकेत जैन,डॉ सचिन जैन,आजाद जैन,अजय जैन सहित जैन समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

# पाती (पोस्टकार्ड )की कहानी पुरवार दम्पति की जुबानी

( यंग भारत न्यूज )

वर्तमान समय मोबाइल का समय है। मोबाइल केवल संचार का माध्यम ही नहीं है बल्कि अब सब कुछ हो गया है ।परंतु इससे घर परिवार समाज का प्रेम ,स्नेह, अपनापन सब कुछ छीन लिया है। पहले जमाने में पातियां आती जाती थी तो उन पातियों में बड़ों के प्रति आदर ,समकक्षों के प्रति स्नेह और छोटों के लिए मन से निकलने वाले आशीर्वाद होते थे ।अब सब कुछ खत्म हो गया परंतु पातियां आज भी हमारी धरोहरों के रूप में हमारे नित्य कर्मों का मार्गदर्शन करते हमें हमारे अतीत की सभ्यता और संस्कृति का बोध कराती हैं। श्री मती सन्ध्या पुरवार व डॉ0 हरीमोहन पुरवार ने बतलाया कि आपसी संदेशों को भेजने के लिए उपयोग में आने वाले उपकरणों को हम पाती ,पत्र ,चिट्ठी, पैगाम ,लेटर ,आदि नाम से पुकारते हैं। अपने भारत में प्राचीन काल से पत्राचार के उदाहरण मिलते हैं जैसे भरत जिनके नाम पर इस देश का नाम भारतवर्ष पड़ा उनकी माता शकुंतला द्वारा महाराज दुष्यंत को लिखा हुआ पत्र । फिर उसे बादलों (मेघों) के द्वारा भेजना ।सभी राजा महाराज एक दूसरे के साथ पत्राचार द्वारा अपने समाचारों का आदान-प्रदान करते थे ।पत्राचार का माध्यम प्रारंभ में भोजपत्र,ताड़पत्र,ताम्रपत्र ,कागज,वस्त्र आदि हुआ करते थे। पत्रों को ले जाने, ले आने के लिए पत्रवाहक होते थे और यह पत्र वाहक मानव ,कूकर ,पक्षी आदि होते थे ।

एक शायर ने कहा है कि -

खत कबूतर किस तरह ले जाए वामें यार पर ।
पर कतरने को लगी हैं कैंचियां दीवार पर ।


तो इसका उत्तर फिर यूं दिया गया-

कि खत कबूतर इस तरह ले जाये वामें यार पर ।
पर पर पे परवाना लिखे और पर कटे दीवार पर।।

अपने भारत में ईस्ट इंडिया कंपनी के समय पहली जुलाई वर्ष 18 79 में महारानी विक्टोरिया के टिकट से सज्जित प्रथम पोस्टकार्ड चला था। यह हल्के लाल भूरे रंग से छपा था तथा इसका आकार 121 ङ्ग 74 द्बद्व था द्य इस आकार के पोस्टकार्ड महारानी विक्टोरिया के बाद किंग एडवर्ड के द्वारा भी चलाए गए । वर्ष 1912 से जॉर्ज पंचम के चित्र युक्त वाले पोस्टकार्ड प्रचलन में आए ।इन पोस्टकार्डों का आकार पूर्व के पोस्टकार्डों से बड़ा था । यह 139 ङ्ग 89 द्बद्व के थे।किंग जॉर्ज पंचम के पश्चात किंग जॉर्ज षष्टम के चित्र वाले पोस्टकार्ड प्रचलन में आए ।क्वीन विक्टोरिया, किंग एडवर्ड वाले पोस्टकार्डों का मूल्य एक पैसा या क्वार्टर आना था। पोस्टल स्टेशनरी ऑफ इंडिया के लेखक डार्क लैंग ने अपनी पुस्तक में विस्तार से इन पोस्टकार्डों का उल्लेख किया है । पोस्टकार्ड आमतौर पर पांच प्रकार के होते हैं ।प्रथम साधारण पोस्टकार्ड ,द्वितीय हवाई पोस्टकार्ड, तृतीय सरकारी सेवाओं वाले सर्विस पोस्टकार्ड ,चतुर्थ सेना सेवा पोस्टकार्ड और पांचवें स्थानीय पोस्टकार्ड । अपने स्वतंत्र भारत में पहला पोस्टकार्ड 139 ङ्ग 89 द्बद्व का त्रिमूर्ति के चित्र से युक्त वर्ष 1949 में जारी हुआ। इसका रंग हरा तथा कुछ लाल रंग के भी जारी हुए थे। इसके बाद कोणार्क वाले ,अशोक की लाट वाले ,गांधी जी के चित्र वाले ,टाइगर वाले ,मोर वाले ,शैल रथ वाले ,फतेहपुर सीकरी के पंचमहल वाले ,गज वाले ,सरदार पटेल वाले आदि पोस्टकार्ड चलन में आए । इन पोस्टकार्डों में विज्ञापनों से युक्त पोस्टकार्ड प्रचलन में आए इन्हें मेघदूत पोस्टकार्ड का नाम दिया गया। इनके साथ-साथ चित्र पोस्टकार्डों का भी बहुतायत में चलन प्रारंभ हो गया । इन पोस्टकार्डों ने पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया।



किंग ऐडवर्ड- पोस्टकार्ड



अब इन पोस्टकार्ड में सीमित स्थान के कारण बड़े संदेश भेजने में परेशानी से बचने के लिए अंतर्देशीय पत्रों का चलन प्रारंभ हुआ फिर उससे भी बड़े संदेशों को भेजने के लिए लिफाफों का प्रचलन प्रारंभ हो गया । पहले पत्रों का अर्थ मात्र पत्र नहीं होता था।ये पत्र प्रेम स्नेह, आशीर्वाद ,खुशियां तथा गमों के सूचक होते थे । प्रेयिसी के लिए प्रेमी का पत्र संजीवनी होता था ।पत्रों को वितरित करने वाला डाकिया केवल एक सरकारी कर्मचारी नहीं होता था बल्कि वह डाकिया चाचा, डाकिया दादा होता था। अनपढ़ लोगों के पत्रों को यह डाकिए पढ़कर सुनाते थे तथा उनकी आशाओं को खुशियों के पंख भी लगाते थे ।

श्रीमती सन्ध्या पेरवार व डा0 हरीमोहन पुरवार के निजी संग्रह में तमाम बड़ी-बड़ी सामाजिक साहित्यिक ,राजनीतिक विभूतियों के हस्तलिखित पत्रों का अपार संग्रह है। उनके संग्रह में चमड़े ,लकड़ी ,ग्लो साइन आदि पोस्टकार्ड भी हैं। इनके अलावा भारत के प्रथम पोस्टकार्ड से लेकर वर्तमान समय तक में प्रचलित सभी प्रकार के पोस्टकार्डों का अपार संग्रह उनके पास है । 2 जुलाई 1979 को पोस्टकार्डों के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय डाक विभाग द्वारा एक डाक टिकट भी जारी किया गया था । पुरवार दम्पती के संग्रह में वह भी शोभा बढ़ा रहा है।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718